संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, बुधवार, 17 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 105 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। -भागवद गीता"

### मन की बात



"जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है- शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक, उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद"

# आंखें दिखाने वाले कटोरा लिए घूम रहे: पीएम

= बिहार और पूर्णिया के पास सामर्थ्य की कमी कमी नहीं रही, यहां का किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती भी खूब करते है, बीते 10 साल में जूट की एमएसपी बढ़ाई है: पीएम

**उपलब्धियां गिनाईं**

**8 भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि एनडीए सरकार मखाने को सुपर फूड के रूप में प्रमोट कर रही है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया:** बिहार का पूर्णिया कृषि उत्पादन जिला है। जहां लगभग 70 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को साधने की कोशिश की है। साथ ही पीएम मोदी ने किसानों की बड़ी-बड़ी उपलब्धियां गिनाईं। हालांकि पीएम ने युवाओं के लिए रोजगार पर बात नहीं की। पीएम ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा बिहार और पूर्णिया के पास सामर्थ्य की कभी कमी नहीं रही। यहां का किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती भी खूब करते है। बीते 10 साल में जूट की एमएसपी बढ़ाई है। देश का 30 फीसदी मखाना पूर्णिया के किसान पैदा करते हैं। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि एनडीए सरकार मखाने को सुपर फूड के रूप में प्रमोट कर रही है। मोटे अनाज का दुनियाभर में प्रमोशन किया। जी20 में दुनियाभर के मेहमानों को मोटा अनाज खिलाया, जिसे श्रीअनाज कहा। इसका फायदा किसानों तक पहुंच रहा है। देश का पहला ग्रीन फील्ड एथनॉल प्लांट पूर्णिया में लगाया गया है, जिसका सीएम नीतीश ने उद्घाटन किया था। पीएम ने इस दौरान आरजेडी और इंडिया गठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि घमंडिया (इंडिया) गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं, जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं। भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए सभी एक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में जवानों की शहादत होती थी। आपको गुस्सा आता था, इन्हें घर में घुसकर मारो। आज जो देश हमें आंखें दिखाता था वह अब कटोरा लेकर भटक रहा है। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान बदलने का कह रहे हैं, उन्होंने कई दशकों तक काम किया। लेकिन वे कभी बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं करवा पाए। ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में भी संविधान आन-बान और शान से लागू हो गया। ये कहते थे कि 370 हटी तो कश्मीर में आग लग जाएगी। आज आर्टिकल-370 का एंड हो चुका है। भारत को बांटने वालों को जलन हो रही है। ये लोग राम मंदिर के लिए भी यही कहते थे। राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी। आज राम मंदिर दुनिया में भारत का गौरव है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने गया के गांधी मैदान की रैली की तरह पूर्णिया की रैली में भी युवाओं के लिए रोजगार पर कोई बात नहीं की। अमर उजाला के सत्ता के संग्राम कार्यक्रम में युवाओं ने इस पर असंतोष भी जाहिर किया है।




### 'लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी चार्ज नहीं होती'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि देश को मजबूत फैसला लेने वाली सरकार की जरूरत है। उन्होंने गया से जीतन राम मांझी और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को जिताने की अपील की। उन्होंने मांझी को राजनीति का बड़ा दलित चेहरा बताया और सिंह को भाजपा का वरिष्ठ सांसद बताते हुए दोनों की जीत की अपील की। उन्होंने कहा कि लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी आज चार्ज नहीं होती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में अपनी बातों की शुरूआत रामनवमी, राम मंदिर और नवरात्र से की। उन्होंने कहा- सूर्य की किरणें कल अयोध्या में रामलला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी है। जो भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वह आज अजीब बातें कर रहे हैं। एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। यह हमारे देश का संस्कार नहीं है। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। इस घमंडिया के एक नेता तो खुलेआम कहते है कि वह हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। आज नवरात्र का पावन पर्व है।

### कांग्रेस-राजद को निशाने पर लेकर अपनी गारंटी दी



**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को रोटी-मकान के सपने दिखाए और चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। हमारे साथी जीतन राम मांझी साक्षी हैं कि कैसे दलितों, वंचितों और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है। दलितों-वंचितों-पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के लिए विकास का रोड मैप बनाया गया है।

### सीमांचल और बिहार को हम पीछे नहीं रहने देंगे: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**गया/पूर्णिया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा अपील की कि पोलिंग बूथ जीतना है। हर पोलिंग बूथ जीतना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनका एक काम कर दें कि यहां से जाने के बाद घर-घर जाकर कहिए- हमारे मोदी जी आए थे, अपना प्रणाम पहुंचाने के लिए भेजा है। पीएम मोदी ने पूर्णिया से एनडीए उम्मीदवार संतोष कुमार और कटिहार से दुलाल चंद्र गोस्वामी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने भारत माता के जयघोष के साथ अपनी बात खत्म की।

**बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़ी कार्रवाई होगी :** प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला सरकार की नजर में है। यही लोग राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे। आगे उन्होंने भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए बिहार की बात की। उन्होंने कहा कि आपने उस दौर को देखा होगा, जब बिहार में जंगलराज था। नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार बदला। महागठबंधन वाले लोग बिहार में महाजंगलराज की वापसी चाहते हैं। मोदी के रहते यह मुमकिन नहीं हैं। मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ तो ये कहते हैं भ्रष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी। बोले- बिहार में भ्रष्टाचार के विरोध में और बड़ी कर्रवाई होगी।

**पाकिस्तान और विपक्ष की हालत बताई :** प्रधानमंत्री ने उत्साहित भीड़ को अपने समर्थन में नारेबाजी से रोकते हुए कहा कि मेरी आवाज आपतक नहीं पहुंची तो सब बेकार हो जाएगा। उन्होंने विपक्ष से लेकर पाकिस्तान तक की हालत पर बात की। उन्होंने कहा कि पड़ोस के लोग हमला करने आ जाते थे। हमलोगो को गुस्सा आता था। कभी जो देश हमें आंखें दिखाता था, आज वह कटोरा लेकर घूम रहा है। उन्होंने इंडी एलांयस पर भी बात की। कहा कि भारत में रहकर यह लोग कहते है थे कि राम मंदिर बना तो देश में यह हो जाएगा, वह हो जाएगा।

## ये चुनाव लोकतंत्र-संविधान को बचाने के लिए है: गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**

अजमेर: प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने अजमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में शहर के आजाद पार्क में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान गहलोत ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इससे पूर्व अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गहलोत का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया।

## डराने धमकाने का काम कर रही है भाजपा सरकार: कमलनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**छिंदवाड़ा:** कमलनाथ ने कहा कि हमारा जिला पिछड़े जिले के रूप में पहचाना जाता था, जिससे उबरकर चहुंमुखी विकास की इबारत मैंने आप लोगों के सहयोग से ही लिखी है। छिंदवाड़ा को मैंने कभी निर्वाचन क्षेत्र या फिर एक जिला नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी मानी है, इसीलिये जब-जब यहां कोई संकट आया है तब-तब मैं उन परेशानियों को दूर करने के लिये आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा हूं और जो बन पड़ा वो सबकुछ किया हूं उक्त बातें पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहीं। यहां की जनता मेरे लिये मतदाता नहीं बल्कि मेरे दिल की धड़कन है। इन बातों को केवल आप समझ सकते हैं, क्योंकि गुजरे हुये 44 वर्षों में आप लोगों ने अपने बदलते व संवरते हुये छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना को देखा। आगे का सफर लम्बा है किन्तु इसे हम मिलकर तय करेंगे और विरोधियों के सारे षड्यंत्रों को विफल भी करेंगे। नाथ ने कहा कि पांढुर्ना और सौंसर में संतरे तो पहले भी होते थे, लेकिन उनके लिये बाजार सीमित था। बाहर से व्यापारी आकर औने-पौने दामों में फसल खरीदते थे।

## 'कांग्रेस ने राजस्थान के वोटर को गुमराह किया'

**निशाना साधा**

**8 भ्रष्टाचार के गहलोत राज में कीर्तिमान बनें। मोदी फिर आएंगे और सबके प्रयास से विकसित भारत बनाएंगे: वित्त मंत्री**




**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जयपुर में आयोजित उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के चुनावी मुद्दों लेकर गहलोत सरकार पर भी निशाना साधा। पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चुनावी चंदे का पहले कोई सिस्टम नहीं था। कितना ही पैसा दो, सोना दो या फ्लैट दो कोई हिसाब किताब नहीं था। अब डोनेट करने वाले बैंक अकाउंट के जरिए पैसा दिया जाता है। अब अकाउंट से अकाउंट मनी ट्रांसफर होता है। सब पार्टियों ने इसका फायदा उठाया पर दोषारोपण सिर्फ भाजपा पर किया जा रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे हटाने को कहा है। इसे घोटाला बताने वालों को सोचना चाहिए कि कांग्रेस ने राजस्थान के वोटर को गुमराह किया। भ्रष्टाचार के गहलोत राज में कीर्तिमान बनें। मोदी जी फिर आएंगे और सबके प्रयास से विकसित भारत बनाएंगे। इस दौरान राजस्थान के खास मुद्दे लेकर भी वित्तमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर बनाई जा रही है, जल्दी ही इसे लागू किया जाएगा।

## भाजपा ने चुनाव के लिए जारी की 12वीं सूची

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।

# छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली मारे गए

25-25 लाख के दो इनामी मारे गए, 3 जवान घायल; साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांकेर:** कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 29 दर्जन नक्सली मारे गए। वहीं दो जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है। एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए है। कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।



मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताये जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है।

## लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देंगे: सीएम शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग होने के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उनसे मिलने उनके घर गैलक्सी आपर्टमेंट पहुंचे। सीएम एकनाथ ने सलमान खान के साथ-साथ उनके पिता सलीम खान से भी मुलाकात की और घटना पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही एक्टर के घर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई। सलमान खान से मिलने के बाद एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों से कहा 'मैंने सलमान खान से कहा है कि सरकार आपके साथ है, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

# पूर्व डीजीपी की बेटी कुहू को यूपीएससी में मिली 178वी रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: उत्तराखंड** के पूर्व डीजीपी और वर्तमान में हरियाणा के सोनीपत जिले में राई स्थित मोती लाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक अग्रवाल की बेटी कुहू गर्ग को संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी की परीक्षा में 178वीं रैंक हासिल हुई है। कुहू की इस सफलता से परिवार में प्रसन्नता का माहौल है। शुभचिंतकों की ओर से बधाई देने का तांता लगा हुआ है। कुहू इस सफलता से पहले खेल मैदान में भी सफलता के झंडे गाड़ती रही है। कुहू को खेलो में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 17 पदक मिले है। खेल के दौरान घुटने में चोट के चलते कुहू को ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। इसके बाद कुहू ने यूपीएससी की आईपीएस परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की। यू पी एस सी परीक्षा का परिणाम मंगलवार को ही घोषित किया गया।



**बधाईयों का तांता**

**8 अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 17 पदक मिले है। खेल के दौरान घुटने में चोट के चलते कुहू को ऑपरेशन से गुजरना पड़ा**

अशोक अग्रवाल हरियाणा के ही पानीपत जिले के गांव कुराना निवासी है। उत्तराखंड के डीजीपी पद पर रहते हुए अशोक अग्रवाल ने साइबर क्राइम को काबू करने के क्षेत्र में विशेष कार्य किया।उन्होंने इस विषय पर पुस्तक भी लिखी।भारतीय पुलिस सेवा के क्षेत्र में आने का फैसला उन्होंने कैसे किया,इस सवाल के जवाब में कुहू ने कहा कि इसके लिए उन्हें अपने पिता से प्रेरणा मिली। परीक्षा की तैयारी में भी उन्होंने मार्ग दर्शन किया।

# सरकार बनने पर खत्म करेंगे अग्निपथ योजना: राहुल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी ने सेना भर्ती के लिए शुरू की गई 'अग्निपथ' योजना पर खास फोकस किया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी के दूसरे नेता, अपनी चुनावी रैलियों में 'अग्निपथ' योजना की कमियां गिना रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता, इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी लगातार मुखर हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'अग्निपथ' योजना, भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है। दूसरी तरफ, कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'अग्निपथ' पर अस्पष्ट इसलिए हैं, क्योंकि भाजपा युवाओं को गुमराह करके सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट लेना चाहती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है।

### सेना में हर साल 40 हजार जवानों की कटौती

**कर्नल** रोहित चौधरी ने अग्निवीर बनाम नियमित सैनिक के बीच का अंतर बताते हुए कहा, एक ही यूनिट में व एक ही परिस्थिति में 'शहीद' होने पर/रिटायरमेंट होने पर, कई बातों में अंतर आ जाता है। 'सर्विस' के दौरान 'अग्निवीर सैनिक' को एक 'रेगुलर सैनिक' की तुलना में बहुत कुछ नहीं मिलता है। कर्नल रोहित चौधरी के अनुसार, सरकार ने कहा है कि सभी अग्निवीरों को चार साल बाद नौकरी देंगे। क्या सच में चार साल बाद अग्निवीरों को सरकारी नौकरी मिलेगी, यह एक बड़ा सवाल है।

**चुनावी समर** कंगना रनौत में अपने इस चुनावी दौरे के दौरान हडिंबा मंदिर में शीश नवाजा तथा उसके बाद जनसभा को संबोधित किया

# कांग्रेस सरकार की बदौलत प्रदेश की हुई दुर्दशा: कंगना रनौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हामिद/चंबा:** मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत का चंबा जिला के मैहला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया तथा कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी के साथ उन्हें मंदिर परिसर तक लाया गया। कंगना रनौत में अपने इस चुनावी दौरे के दौरान हडिंबा मंदिर में शीश नवाजा तथा उसके बाद एक जनसभा को संबोधित किया उन्होंने कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस के मंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव में उतरे विक्रमादित्य पर भी कई निशाने साधे तथा उनकी कुछ पुरानी पोस्ट पर कमेंट भी किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश की बुरी दशा हुई है जहां सरकार हर क्षेत्र में नाकाम रही वहीं पर प्राकृतिक आपदा का भी प्रदेश को सामना करना पड़ा जिसमें प्रदेश का बहुत नुकसान हुआ तथा केंद्र सरकार द्वारा 1800 करोड रुपए इस आपदा के लिए जारी भी किए गए। चंबा के भरमौर तथा जिला के अनेक क्षेत्रों में नुकसान हुआ क्या उस समय इस लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद चंबा दौरे पर आई। उन्होंने भरमौर क्षेत्र की सडकों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते भी कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी गर्भवती महिलाओं तथा मरीजों को पालकियों में उठाकर मुख्य मार्ग पर लाना पड़ रहा है जो बहुत विचलित करने वाला है । उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत से इस मोदी लहर और मोदी क्रांति को और भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा की आप सभी मोदी के नाम पर अपना वोट मुझे देकर सफ ल बनाएं और मैं वादा करती हूं कि मैं हर समय आपकी सेवा में हाजिर रहूंगी तथा लोकसभा में भी भरमौर के ज्वलंत मुद्दों को उठाकर उन्हें पूरा करूंगी यह मेरा वादा है। उन्होंने कहा कि यह एक वोट मोदी जी के लिए है जिन्होंने अपने संकल्प पत्र में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन अगले 5 सालों तक जारी रखने का वादा किया है।



**वोट की अपील**

**8 प्रदेश की बुरी दशा हुई है जहां सरकार हर क्षेत्र में नाकाम रही, वहीं प्राकृतिक आपदा का भी सामना करना पड़ा: कंगना**

## फैसले लेते समय गरीब के हितों का रखें ध्यान: राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को गरीबों के हितों का ध्यान रखने के लिए वाणिज्यिक सेवा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेते समय पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारतीय आर्थिक सेवा के प्रवोशनर्स अधिकारियों के बैच 2022-2023 की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ बैठक हुई। इस बैठक में मुर्मू ने नीतियों को गरीब के हितों को ध्यान में रखकर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कि आर्थिक वृद्धि देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। "मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के मानक माने जाते हैं।

# जनता पूछती है? लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अनुराग ठाकुर से सवाल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः भाजपा हाई कमान ने लगातार पांच**वीं बार आप पर दांव खेला है ऐसी कर्यशैली भाजपा पार्टी में देखने को मिलती नहीं है कि किसी एक व्यक्ति को एक ही सीट पर लगातार पांच बार चुनाव लड़ाया जाएए इस पर आप क्या कहेंगे। सांसद होने के नाते, हमीरपुर का बेटा होने के नाते आप अपनी उपलब्धियां को किस प्रकार लेते हैं, वोट मांगने के लिए आमतौर से नेता अपनी उपलब्धियां बताते या गिनाते हैं आपके पिछले 17 साल के कार्यकाल में आपको क्या लगता है ऐसी आपकी व्यक्तिगत उपलब्धियां सांसद या कैबिनेट



मंत्री होने के नाते हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को लेकर क्या रहीं हैं जिसके लिए लोग आपको वोट दें। एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी के साथ आपको भाजपा हाई कमान

**8 आपकी राजनीति में रेलवे या रेलगाड़ी का हर बार प्रमुख मुद्दा रहता है । जमीनी स्तर पर रेलगाड़ी अभी तक पहुंची नहीं है**

ने चुनावी रणभूमि में उतारा है इसको ध्यान में रखते हुए विधानसभा प्रत्याशी जिला हमीरपुर के लिए आपकी रणनीति क्या रहेगी। हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य को लेकर आप क्या समझते हैं की, विश्व गुरु भारत या एक विकसित भारत आपका इनमें से आप किसको प्रमुख एजेंडा मानते है। हिमाचल प्रदेश की सीधी और सरल राजनीति में पिछले कई समय से जिस प्रकार उठा पटक चल रहे हैं। उसको आप कैसे लेते हैं। क्या यह मात्र सहयोगवश है कि जिस जिले से पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान मुख्यमंत्री एवं दो दो सांसद है, वहां पर विकास के नाम पर सत्ता पक्ष की तीन सीटों उपचुनाव होना कहीं ना कहीं यह दशार्ता है,विकास को लेकर उदासीनता की वजह से कहीं ऐसा कुछ हुआ है या कुछ और है। भाजपा हाई कमान पर बार-बार यह आरोप लग रहा है के विधायकों के खरीद फ रोख्त की वजह से हिमाचल प्रदेश जैसे हजारों करोड़ से कर्जे में डूबे हुए राज्य को जिस प्रकार से 6 सीटों सहित तीन और संभावित जिन पर अभी कानूनी पेज फं सा है कि और धकेल दिया। आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रदेश पर एक और उपचुनाव का बोझ डालना क्या यह उचित है। इस पर आप क्या कहेंगे।

आपकी राजनीति में रेलवे या रेलगाड़ी का हर बार प्रमुख मुद्दा रहता है । जमीनी स्तर पर रेलगाड़ी अभी तक पहुंची नहीं है। क्या डबल इंजन सरकार ही विकास की गारंटी है। शिक्षित वर्ग में बेरोजगारी अपने चरम में पहुंच गई है ताजा सर्वे के अनुसार 100 शिक्षित युवाओं में से 83ः युवा बेरोजगारी का दन्श झेल रहे हैं। आप इस पर क्या कहेंगे।

## हृदयवासिनी मंदिर में भागवत कथा सुनने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः नवरात्रों** के दौरान मंडी के पडल स्थित हृदयवासिनी मंदिर में चल रही श्री मद भागवत कथा श्रवण करने पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां देवी भगवती की पूजा कर भागवत कथा में भाग लिया। जहां विश्व विख्यात कथावाचक श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री के मुखारविंद से भक्ति गंगा का हजारों लोग रसपान कर रहे हैं। संयोजक रमन विष्ट ने उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया। कथा श्रवण के बाद जयराम ठाकुर ने कहा कि श्रीकृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी के नाम से प्रसिद्ध कथावाचक के रूप में जाने जाते हैं। वैसे तो अध्यात्मिक जगत से जुड़े बहुत से कथावाचक हैं,



लेकिन मेरा मानना है कि कृष्ण चंद्र ठाकुर जी बहुत ही अद्भुत तरीके से कथा सुनाते हैं। जब ये भागवत कथा सुनाते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है किए इनकी वाणी में साक्षात सरस्वती जी का वास है। भारत में सबसे पहले इन्होंने 1975 में पंद्रह वर्ष की आयु में भागवत कथा सुनाई थी। मुझे बताया गया कि कृष्ण चंद्र ठाकुर जी के संत्संग में कथा सुनने के लिए हजारों भक्तों की भीड़ जुट रही है। नवरात्रों के पावन अवसर पर ऐसे आयोजन हमें देवी शक्तियों का साक्षात आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### अष्टमी पर कन्या पूजन धूमधाम से मनाया गया



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** चेत्र का आज अष्टमी का त्योहार जिला सिरमौर के घरों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दिन छोटी कन्याओं की पूजा की जाती है जिन्हें प्रशाद के रूप में पूरी, हलवा और चने दिए जाते हैं तथा बाद में लाल चुनरी देवी के रूप में दी जाती है। इस अवसर पर कन्याओं के पैर छूकर उन्हें दक्षिणा के रूप में कुछ धनराशि आशीर्वाद लेकर दी जाती है। कन्याओं का पूजन करने से पूर्व उनके पैर धोए जाते हैं ताकि उनका आशीर्वाद मिल सके। अष्टमी के अवसर पर पांचए सात या नौ कन्याओं के साथ एक लौकड़े।

### महिला विरोधी व ठगो की पार्टी है कांग्रेस: गांधी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** बल्ह विधानसभा के भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कांग्रेस सरकार व नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि झूठ बोलकर सरकार नही चलती है। सत्ता में आने के लिए कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं को ठगने का काम किया था। आज भी प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सुखु झूठ पर झूठ बोल रहे है।

कांग्रेस सरकार एवं कांग्रेस नेता किस मुंह से जनता के बीच अब वोट मांगने जा रहे है। 1500 के नाम पर महिलाओं को ठगने का काम किया है। झूठे फ ॉर्म भरने का काम कांग्रेस नेता करते है। अगर सरकार की नियत साफ होती तो बजट सत्र में 1500 रुपये देने के लिए वजट का प्रावधान करती। प्रदेश में 27 लाख महिलाएं वोटर है मगर अभी भी सरकार महिलाओं को ठगने से वाज नही आ रही है। कांग्रेस नेता बार-बार मंडी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कँगना के बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे है। इंद्र सिंह गांधी ने कांग्रेस को महिला विरोधी एवं ठगों की पार्टी बताया।

## एसएफ आई ने मेडिकल कॉलेज नाहन में मरीजों को बांटे फ ल व

**एसपी जैरथ**



**नाहनः हिमाचल** दिवस पर एसएफ आई व भारत की जनवादी नौजवान सभा नाहन इकाई के द्वारा नाहन मेडिकल कॉलेज में विभिन्न वार्डो में दाखिल मरीजों को फ ल व जूस वितरित किया गया। इस दौरान एसएफ आई के अखिल भारतीय सचिवालय सदस्य व युवा नेता अमित ठाकुर, एसएफ आई नाहन इकाई के सचिव अमृत सिंह, शिवांगी, निधि, पल्लवी, पलक और प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे। भारत की जनवादी नौजवान सभा व एसएफ आई एक राजनीतिक संगठन होने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए हमेशा से ही लोगों की हर संभव सहायता के लिए प्रयासरत रहती है। आने वाले भविष्य में भी शहर के अंदर युवाओं व छात्रों की समस्याओं को लेकर तथा शहर की जनता के अलग-अलग मुद्दों को लेकर भारत की जनवादी नौजवान सभा शहर के विभिन्न संगठनों व बुद्धिजीवी लोगों से सलाह व सुझाव के अनुसार कार्य करती रहेगी।

## भागवत कथा से छेड़ा यमुना नदी की सफ ाई का मुहिम

**एसपी जैरथ**

**नाहनः हरि** यमुना पथ समिति पांवटा साहिब के तत्वाधान में यमुना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए एक अनोखा अभियान शुरू किया गया है। इस अनूठे अभियान के तहत भागवत कथाओं के माध्यम से पवित्र यमुना नदी को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। चूंकि भगवान कृष्ण ने अपने अवतार में अधिकतर लीलाएं पवित्र यमुना नदी के तट पर की हैं। ऐसे में कृष्ण भक्तों में यमुना नदी के प्रति विशेष और गहरी आस्था है। हरि यमुना समिति इसी आस्था को केंद्र मानकर लोगों को नदियों, विशेषकर यमुना नदी को साफ , पवित्र व पावन रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



इदोसे लेकर सिरमौर जिला के मशहूर कथावाचक प्रकाश चैतन्य जी प्रतिदिन की कथा में नदी व प्रकृति के महत्व को बयां कर रहे हैं। जाहिर सी बात है कि देवभूमि के लोग धार्मिक उपदेश से ज्यादा जागरूक होते हैं। कथा व्यास प्रकाश चैतन्य जी ने बताया कि हरि यमुना पथ समिति के तत्वाधान में यमनोत्री से प्रयागराज तक यमुना नदी के दोनों तटों पर 2026 तक 108 निरंतर भागवत कथाओं के माध्यम से लोगों को यमुना नदी को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया

## गिरिपार क्षेत्र के बिशु मेले में दूर-दूर से पहुंच रहे लोग



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** सिरमौर जिले के जनजातीय क्षेत्र हाटी की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बिशु मेले शुरू हो गए हैं। बिशु मेल समूचे गिरिपार क्षेत्र में आयोजित होते हैं। बिशु मेले बैसाखी की संक्रांति से शुरू होते हैं और लगभग 1 महीने तक चलते हैं। इसी कड़ी में शिलाई क्षेत्र के दूरदराज हरिपुरधार में भी नैना देवी को समर्पित बिशु मेला आयोजित हुआ। सिरमौर जिले का गिरीपार क्षेत्र आजकल उल्लास में डूबा हुआ है। यहां पहाड़ी क्षेत्रों में हर तरफ बिशु मेले आयोजित हो रहे हैं। मेलों में बड़ी संख्या में आसपास के लोग पहुंच रहे हैं। बिशु मेले हाटी क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक की पहचान के साथ साथ यह मेल क्षेत्र के लोगों की आस्था से भी जुड़े हुए हैं। दल मेले में जहां लोग अपनी जरूरत की सामान की खरीदारी करते हैंए वहीं जमकर नाच गाना भी होता है।

## मंदिर त्रिलोकपुर में सातवें नवरात्रि को 45 हजार श्रद्धालुओं ने माता टेका

### श्रद्धालुओं ने माता को 11 लाख 59 हजार 600 रुपए नकद अर्पित किए

**एसपी जैरथ**

**नाहनः उत्तर** भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महामाया श्री बाला सुंदरी मंदिर में सातवें नवरात्रि के दिन 45 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता को 11 लाख 59 हजार 600 रुपए नकद अर्पित किए। साथ ही चांदी 1,624 ग्राम सोना 09 ग्राम 800 मिलीग्राम भेंट किया। इन नवरात्रों में अब तक पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड



सहित अन्य राज्यों के लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं। वही मंदिर न्यास तथा अन्य भक्तों ने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की उचित व्यवस्था की है। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे आयोजित किया जा रहे हैं। महामाया श्रीबाला सुंदरी मंदिर न्यास त्रिलोकपुर द्वारा देश-विदेश के विभिन्न राज्यों से आने वाले भक्तों के लिए पार्किंग, ठहरने तथा भंडारे की उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बाहर से आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए होमगार्ड और पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। बता दें यहां पर चैत्र नवरात्रों में हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ तथा दिल्ली के हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन माता के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## समय से परे क्यों हैं भगवान राम: श्री श्री रवि शंकर



खेमचंद शास्त्री

मंडीः हमारे इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिन्होंने मानव सभ्यता पर अमिट छाप छोड़ी है। उनमें से एक है भगवान श्री राम के जीवन की कथा। भगवान राम की कहानी, समय की कसौटी पर पूरी तरह से खरी उतरी है और सदियों से लाखों लोगों की आस्था को आकार देती रही है। बीच में ऐसे भी बातें आई कि राम केवल किसी की कल्पना की उपज हैं। हालांकि, हाल की ऐतिहासिक खोजों ने इस भ्रम को दूर कर दिया और भगवान श्री राम के अस्तित्व की वास्तविकता की पुष्टि हुयी। कई इतिहासकारों ने रामायण की घटनाओं की सत्यता का समर्थन किया है, जिसमें 7,000 वर्ष पहले पृथ्वी पर श्री राम की उपस्थिति को चिह्नित करने वाली तारीखें भी बताई गई हैं। अयोध्या से श्रीलंका तक की उनकी यात्राए मार्ग में लोगों को एकजुट करना, इस ऐतिहासिक कथा का एक महत्वपूर्ण अंश है। रामायण का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है यह पूरे विश्व में विस्तृत है। बाली, इंडोनेशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य हिस्सों में रामायण का बोलबाला है। यहां तक कि सुदूर पूर्व में, विशेषकर जापान में भी रामायण की प्राचीन कथा का प्रभाव देखा जा सकता है। राम के नाम की गूंज, विश्व स्तर पर फैली हुई है।

## बीएड कॉलेज बालीवॉल चैंपियनशिप का समापन

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** शिवा कालेज ऑफ एजुकेशन घुमारवीं जिला बिलासपुर में आयोजित तीन दिवसीय 11वां सालाना कार्यक्रम न्यू ईरा वाईब्रेशन-2024 के दूसरे दिन राज्य स्तरीय इंटर बीएड कॉलेज बालीवॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया। इस कार्यक्रम में प्रो. अजय कुमार अत्री डीन एवं अध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन एचपी यूनिवर्सिटी, शिमला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं दूसरे दिन पुरूष वर्ग का फाईनल मैच राज राजेश्वरी कालेज ऑफ एजुकेशन भोटा व अभिलाषी



कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचौक, मंडी के बीच हुआ। इसमें राज राजेश्वरी कालेज ऑफ एजुकेशन भोटा विजेता रहा, जबकि महिला वर्ग में स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन तरक्वाड़ी ने वेंकटेश कालेज ऑफ एजुकेशन सोलन को फ ाईनल मैच में हराया, जबकि मैन ऑफ दी टूर्नामेंट राज राजेश्वरी कालेज ऑफ एजुकेशन का बालीवॉल खिलाड़ी अमन कपूर रहा।

## वन विभाग ने जंगल में नष्ट की 2000 लीटर लाहन

**एसपी जैरथ**

**नाहनः जिला** सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के रिर्जव फॉरेस्ट खारा के जंगलों में वन विभाग की टीम ने 2000 लीटर लाहन नष्ट की है। वन विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों द्वारा रिजर्व फॉरेस्ट में अवैध रूप से कच्ची शराब की भटियां चलाई जा रही है। जिस पर वन विभाग की टीम ने सोमवार को कार्यवाही की। वहीं पांवटा साहिब उपमंडल के डीएफ ओ ऐश्वर्या राज ने बताया कि खारा के जंगलों में अवैध शराब माफिया के खिलाफ एक टीम का गठन कर कार्यवाही की गई। टीम द्वारा आरक्षित वन खारा भाग



18 में, 2 भट्टीया व 4 ड्रामो में रखी 800 लीटर लाहन व आरक्षित वन लाई भाग-21 में, 2 भट्टीया व 6 ड्रमों में रखी 1200 लीटर लाहन को नष्ट किया गया। अनवर सिंह वन रक्षक, मुद्दसीर नजर वन रक्षक, वीरेंद्र वनरक्षक, अनिता वन रक्षक व हरि चन्द वन कर्मी मौजूद थे। बता दें कि एक सप्ताह पूर्व हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने खारा के जंगलों में 16,000 लीटर लाहन जब्त कर नष्ट की थी।

## विक्रमादित्य सिंह ने सीएम सुख्खू से भी नहीं निभाई वफादारी: गबंद सिंह

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः पूर्व** मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रभारी गोबिंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता में मंत्री एवं मंडी से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को घेरा। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुख्खू के साथ भी वफ ादारी नहीं की है, वह कहते कुछ और और करते कुछ और ही हैं। गोबिंद ठाकुर ने कहा कि अब कांग्रेस ने भी उन्हें प्रत्याशी बनाकर बलि का बकरा बनाया है। जीत गए तो प्रदेश की राजनीति से बाहर हार गए तो वीरभद्र सिंह परिवार की राजनीति खत्म होगी ऐसा षडयंत्र उनकी अपनी ही पार्टी कर रही है। ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने कंगना को लेकर ब्यान दिया है कि उनका कोई विजन नहीं है लेकिन पहले उन्हें अपना विजन देख लेना चाहिए। जिन क्षेत्रों में विक्रमादित्य सिंह के परिवार को




ज्यादातर समय में शासन रहा है उन क्षेत्रों में आज भी सडकें ठीक से बनी नहीं हैं। चाहे रामपुर क्षेत्र की बात करें या फि र शिमला के रोहडू और डोडरा क्वार व चांशल घाटी की की जाए तो इन क्षेत्रों में आज भी विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के पास कोई भी उम्मीदवार नहीं मिल पा रहा था जबकि वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह ने तो पहले ही सुख्खू सरकार को घेरते हुए कहा था कि मंडी संसदीय क्षेत्र में विकास नहीं हुआ है और सिर्फ सांसद निधि से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता

जिससे कांग्रेस सरकार की स्थिति को वह पहले ही ब्यां कर चुकी है और अपने आप चुनाव लड? से मना कर चुकी थी। ऐसे में अब शिमला ग्रामीण के विधायक विक्रमादित्य सिंह को चुनावी मैदान में उतारना पड़ रहा है। जो हालांकि आपने आप को हिन्दूवादी होने की बात करते रहते हैं लेकिन जब हिन्दूवादी विचारधारा की बात आती है तो वहीं उनकी बोलती बंद हो जाती है। उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के दौरान देवी देवताओं के टैंट उखाड़ दिए गए लेकिन विक्रमादित्य सिंह चुप बैठे रहे और सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने देवी देवताओं को अटैची देने जैसी घिनौनी बात कही उसके बावजूद भी विक्रमादित्य सिंह चुप्पी साधे रखे। इस दौरान उनके साथ जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद, मीडिया प्रभारी जिला कुल्लू श्याम कुल्लवी, दानवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

## डॉ. आंबेडकर की जयंती पर कोटगढ की निशा को रोहडू में किया गया सम्मानित

**चमन शर्मा**

**शिमलाः भारतीय** संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर रोहडू मे सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया था। यह आयोजन कोली समाज खंड ईकाई रोहडू के अध्यक्ष गुलट राम, महासचिव सुरेन्द्र संगम व टीम द्वारा अम्बेडकर भवन रोहडू में आयोजित किया गया था। इस समारोह में वरिष्ठ समाज सेविका निशा भंडारी को भी आमंत्रित किया गया था। रोहडू पहुंचने पर



वहां के लोगों ने निशा का फू ल माला से जोरदार स्वागत किया और उन्हें समाज हित में उनके द्वारा निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर निशा ने रोहडू वासियों का धन्यवाद किया।

# विकास के मामले में मंडी को जलील करने का खामियाजा भुगतेगी कांग्रेस: जयराम

**साधा निशाना**

8 सरकार द्वारा मंडी को दी गई यूनिवर्सिटी को आज बंद करने का प्रयास किया जा रहा है

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि मंडी जिला को विकास के मामले में जलील करने का खामियाजा कांग्रेस को इन लोकसभा चुनावों में भुगतना होगा। पूर्व की भाजपा सरकार के समय में मंडी जिला में जो भी विकास के काम शुरू किए थे उन्हें मौजूदा सरकार ने पूरी तरह से बंद करके रखा है। ऐसे में अब कांग्रेसी किस मुंह से लोगों के बीच जाकर वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को प्रतिशोध की भावना से काम करने की सजा जनता अवश्य देगी। यह बात उन्होंने मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही। इससे पहले जयराम ठाकुर हृदयवासी मंदिर में जारी श्रीमद् भागवत कथा में शरीक हुए और कथा का श्रवण किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा मंडी को दी गई यूनिवर्सिटी को आज बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। शिवधाम का काम पूरी तरह से रोक दिया गया है। बल्ह में



प्रस्तावित एयरपोर्ट की सारी क्लीयरेंस होने के बाद भी इस काम को आगे नहीं बढ़ाया गया। मंडी महाविद्यालय के भवन के काम को भी पूरी तरह से बंद रखा गया है। इन सब बातों को लेकर मंडी की जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश है और यह आक्रोश मतदान के रूप में देखने को मिलेगा जिसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उसमें देश का विजन नजर आता है।

२ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र में वन नेशन वन इलेक्शन की बात कही है। जब पूरे देश में एक बार चुनाव होंगे तो इससे देश का लाखों करोड़ का खर्च भी बचेगा और बार.बार चुनावों के झंझट से निजात भी मिलेगी। देश में चुनी हुई सरकारें पांच वर्षों तक सिर्फ और सिर्फ विकास पर ही फोकस करेंगी लेकिन भाजपा का यह विजन कभी भी कांग्रेस को रास नहीं आएगा। उन्होंने बेहतरीन संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्ष तक मुफ्त राशनए महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षणए आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों का मुफ्त इलाज जैसे संकल्प ही भाजपा को इस चुनाव में 400 सीटें पार करवाकर तीसरी बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आधार होगा।

## देश का बच्चा-बच्चा कह रहा मोदी की 400 पार के साथ बन रही सरकार: देशराज शर्मा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: देश** का बच्चा-बच्चा कह रहा है कि सरकार तो मोदी जी की बन रही है और वह भी 400 के पार। कांग्रेस नेताओं के मित्र शराब घोटाला में जेल के अंदर हवा खा रहे हैं लेकिन कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा के संकल्प पत्र को नई बोतल में पुरानी शराब कहना काफ ी हास्यास्पद है। यह बात भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

प्रदेश कांग्रेस से जनता ही नहीं, उनके अपने ही विधायक परेशान

जिला अध्यक्ष ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा जो गारंटियां दी गई, वह धरातल पर पूरा होती नजर नहीं आ



रही। जो फ ॉर्म महिलाओं वर्ग से 1500 रूपए के लिए भरवाए, उनको भी मात्र महिला वर्ग को छलने के लिए भरा गया। आज भी वही नाटक जारी है। 300 यूनिट मुफ्त बिजली का झांसा देकर जनता से मजाक किया है।

हमीरपुर स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड कार्यालय को बंद कर दिया गया जबकि दोषियों पर कार्यवाही बिना कार्यालय को बंद किए भी की जा सकती है। यदि इसी प्रकार किसी अन्य कार्यालय में भी धांधली होती है तो कल को कांग्रेस उसे भी बंद कर देगी? जिला अध्यक्ष ने कहा कि जयराम सरकार के कार्यकाल में खोले गए कई कार्यालयों को भी आज बंद कर दिया गया है, जो परकि कांग्रेस की कथनी और करनी को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि विकास कार्य आज सारे बंद पड़े हुए हैं एवं जहां जनता प्रदेश कांग्रेस से परेशान है वहीं इनके अपने विधायक भी पार्टी छोडकर भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस को भाजपा द्वारा करवाया गया विकास नहीं आता नजर: विजय सोनी

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान द्वारा केंद्रीय खेल मंत्री तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर पर खेलों को लेकर लगाए गए आरोपों का जबाव देते हुए हॉकी बिलासपुर के महासचिव विजय सोनी, उपप्रधान देवेंद्र ठाकुर, संयुक्त सचिव राजीव शर्मा, कानूनी सलाहकार आरके रघु, कार्यकारिणी सदस्य सतीश ठाकुर, अनिरुद्ध शर्मा, जिला साइकलिंग संघ के उपप्रधान कमल एवं कैशियर विशाल, उपप्रधान सचिन कार्यकारिणी सदस्य चमन आदि ने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के चार बार के सांसद और वर्तमान में केंद्र में सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलों के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व कार्य किया है उसकी कल्पना कांग्रेस की सोच से भी परे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता कुछ भी चीज साझा करने से पहले अध्ययन कर लिया करें। उन्होंने कहा कि जिस हॉकी खेल की एस्ट्रोटर्फ न बनने की बात कांग्रेस प्रवक्ता ने की है वह एक लोगों को भ्रमित करने का प्रयास है जबकि वास्तविकता यह है की अनुराग ठाकुर के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश खेल विभाग को इसकी डीपीआर बनाने का कार्य सौंपा गया था परंतु जब हिमाचल प्रदेश सरकार के खेल विभाग ने यह कहकर पल्ला झाड़ दिया की हॉकी की टर्फ बनाने के लिए मौजूदा ग्राउंड की डाइमेंशन सी पूरी नहीं है। उन्होंने प्रवक्ता और कांग्रेस पार्टी से पूछा है की इसकी जानकारी वह हिमाचल प्रदेश के खेल विभाग से ले सकते है परंतु यदि लोगों को भ्रमित करना ही उनका उद्देश्य है तो कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंनें कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना भ्रामक प्रचार करना बंद करें क्योंकि खेलों के क्षेत्र में अनुराग ठाकुर के की प्रयासों की सराहन राष्ट्रीय स्तर पर नहीं परंतु विदेश में भी हुई है उसी के चलते आज हिमाचल का धर्मशाला स्टेडियम विश्व के अग्रणी स्टेडियमों में शुमार है। सभी खेल संघ के पदाधिकारी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी को बिलासपुर जैसे छोटे जिला में अनुराग ठाकुर ने जो खेलो इंडिया के तीनण्तीन सेंटर दिए हैं, हरनोड़ा में वॉटर स्पोर्ट्स का स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का केंद्र भी शायद उनकी नजर से परे है।

### मोरसिंघी में चुनी गई अंडर-12 हैंडबॉल टीमें



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** आगामी 21 से 24 अप्रैल को मुंबई में होने वाली अंडर-12 बालक व बालिका की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की जाने वाली टीमों की चयन प्रक्रिया 16 अप्रैल मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी में सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया में 22 बालिकाओं व 18 बालकों ने भाग लिया। यह जानकारी चयन समिति की चैयरमेन व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच व मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका स्नेहलता ने दी। उन्होंने बताया कि 21से 24 अप्रैल तक मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय अंडर 12 बालिका व बालक वर्ग की प्रतियोगिता के लिए 10-10 बालिका व बालक वर्ग टीम जाएगी।

टीम का जल्द घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चयन समिति में उनके साथ सुशील कुमार, दिनेश, कृष्ण कुमार रहे। बता दें कि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक तीन सदस्यीय हेडहोक कमेटी का गठन किया गया है। जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के कोने कोने से हैंडबॉल की प्रतिभा को बढ़ावा दिया जाएगा व दिया जा रहा है। इस अवसर पर ऊना हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष रिहान दुबे, कोच दिनेश, संजीव के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दुर्गाष्टमी पर राजभवन में फलाहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन



**चमन शर्मा**

**शिमला: राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने आज प्रदेशवासियों को दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं दी और राज्य की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। अपने शुभ कामना संदेश में उन्होंने कहा कि यह त्योहार हम सभी को सत्य के पथ पर चलने और बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का संदेश देता है।इस पावन अवसर पर राजभवन में फलाहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इससे पहले, राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने सुबह शिमला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल काली बाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया।

## भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हम सब का है, मोदी की योजनाओं को लेकर आगे बढ़े भाजपा के प्रत्याशी: राकेश जमवाल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** भारत को विकसित भारत बनाने का सपना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है और यही लक्ष्य हम सबका है इसी सोच के साथ हम सबको आगे बढना है यह बात विधायक सुंदर नगर राकेश जम्बाल एवम प्रभारी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र ने मंगलवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत टोनी देवी में आयोजित भाजपा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कही बैठक में सह प्रभारी एवं प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा द्वारा की गई जानकारी देते हुए भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि बैठक में आने वाले लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव को लेकर चर्चा की गई



और रणनीति बनाई गई। इसके साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के आगामी क्या कार्यक्रम है किस तरह से काम करना है किन बातों को लेकर जनता के बीच जाना है तमाम बातों को लेकर रणनीति बनाई गई बैठक में सह प्रभारी नरेंद्र अत्री ने भी अपने विचार रखे उन्होंने संगठन को मजबूत करने को लेकर जानकारी दी उन्होंने कहा कि पार्टी तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत होता है संगठन का दायित्व पार्टी के हर कार्यकताओं को दिया गया है।

बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेता एक ही सपना देकर आगे बढ़ रहे हैं कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में एनडीए 400 पार करनी है और हिमाचल में चारों के चारों लोकसभा की सीट जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झोली में डालनी है और जहां-जहां उपचुनाव हो रहे हैं वहां पर भाजपा के प्रत्याशियों की जीत को लेकर हम सबको मिलकर काम करना हैं। इस मौके पर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य विजय वहल किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल काकू महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा अर्चना चौहान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल शर्मा भाजपा मंडल महामंत्री जगन कटोच अनिल कौशल एवं अभिषेक राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्टी की नियत में खोट, 1500 महिलाओं को देना की इच्छा नहीं: नरोतम ठाकुर

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: कुल्लू** विधान सभा क्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर धावा बोलते हुए कहा की महिला विरोधी तो केवल मात्र कांग्रेस पार्टी है, जहां उनके वरिष्ठ नेताओं के बयान इस बात का सबूत देते हैं और उनके मुख्यमंत्री एवं सरकार इस बात की पुष्टि करती है। अगर उनकी नियत सही होती तो पहले से सरकार बनते ही यह प्रति महा 1500 रुपए महिलाओं को कांग्रेस सरकार देना शुरू कर देती। पर उनकी नियत ही साफ नहीं थीएउनकी नियत में खोट थी इसलिए जब वह सत्ता में आए तो उनका किया गया वादा की पहली कैबिनेट में ही हम 1500 रु महिलाओं को देना शुरू कर देंगे वह आज तक पूरा नहीं हो पाया। नरोतम ठाकुर ने आगे बताया कि अब एक



बार फिर कांग्रेस की ठगों की फौज हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को ठगने निकली है, अनेकों प्रकार के फॉर्म भरे जा रहे हैं। जब विधानसभा का चुनाव हुआ था तब एक ब्लू फॉर्म भी इन्हीं नेताओं ने भरवारा था। उसके बाद भी 1500 रु प्रति माह महिलाओं को नहीं मिले थे।

अगर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नियत साफ होती तो जब हिमाचल प्रदेश का बजट सत्र चल रहा था तो बजट में यह 1500 रु देने का प्रावधान करती, पर उन्होंने 1 रु का प्रावधान भी नहीं किया और जैसे ही बजट सत्र का अंत हुआ उसके बाद इन्होंने घोषणा कर दी कि प्रत्येक महिला को 1500 देंगे पर वह घोषणा भी अजीब है जिसमें यह पारदर्शिता ही नहीं है कि किसी महिला को 1500 रु मिलेंगे और किसको नहीं। जहां प्रदेश में 22 लाख महिलाएं हैं और 27 लाख महिला वोटर है, वहां केवल मात्र 5 लाख महिलाओं की बात करना ठीक नहीं है। इसलिए हमारा मानना यह है कि कांग्रेस पार्टी भाजपा को घोषणा बंद करें और अपने काम पर फोकस करें।

## स्पेशल डिटेक्शन टीम ने आरोपियों से बरामद किया 7.15 ग्राम चिट्टा

~~पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने तीन आरोपियों से बरामद किया 7.15~~



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर। बिलासपुर** पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने बीती रात नशीला पदार्थ चिट्टा का सेवन करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7.15 ग्राम चिट्टा भी बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रात के समय जब विभागीय टीम गश्त पर थी तो छत गांव के पास उन्हें सडक के किनारे गाड़ी खड़ी दिखाई दी। नजदीक जाकर पता चला कि गाड़ी के भीतर लाईट ऑन थी, पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने देखा कि गाड़ी में तीन लोग थे। पुलिस को देख पीछे बैठे शक्स ने अपने पास से बाहर कुछ फेंकने की कोशिश की लेकिन खिडकी का शीशा आधा बंद होने के कारण वह वस्तु गाड़ी में ही गिर गई। जब पुलिस ने उक्त वस्तु की जांच की तो वह चिट्टा निकला। वजन करने पर चिट्टा की 7.5 ग्राम पाई गई। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों पंकज ठाकुर, निवासी गांव नालग, बरमाणा, अंकेश कुमार निवासी धार टटोह, राकेश कुमार निवासी हरनोड़ा तहसील सदर जिला बिलासपुर को हिरासत में लिया। पुलिस की टीम में मुख्य आरक्षी आशु वर्मा, आरक्षी राकेश कुमार, आरक्षी राजेश कुमार और बाबू राम शामिल थे। पुलिस ने थाना झंडूता में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। एसमएल-26

**काबू**

8 पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने देखा कि गाड़ी में तीन लोग थे। पुलिस को देख पीछे बैठे शक्स ने अपने पास से बाहर कुछ फेंकने की कोशिश की

## कांग्रेस पार्टी की नियत में खोट, 1500 महिलाओं को देना की इच्छा नहीं: त्रिलोक

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा की पूर्व महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जमवाल ने कांग्रेस पार्टी पर धावा बोलते हुए कहा की महिला विरोधी तो केवल मात्र कांग्रेस पार्टी है। जहां उनके वरिष्ठ नेताओं के बयान इस बात का सबूत देते हैं और उनके मुख्यमंत्री एवं सरकार इस बात की पुष्टि करती है। अगर उनकी नियत सही होती तो पहले से सरकार बनते ही यह प्रति महा 1500 रुपए महिलाओं को कांग्रेस सरकार देना शुरू कर देती। पर उनकी नियत ही साफ नहीं थी, नियत में खोट था इसलिए जब वह



सत्ता में आए तो उनका किया गया वादा की पहली कैबिनेट में ही हम 1500 रु महिलाओं को देना शुरू कर देंगे वह आज तक पूरा नहीं हो पाया। त्रिलोक ने कहा की अब एक बार फि र कांग्रेस की ठगों की फ ौज हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को ठगने निकली है, अनेकों प्रकार के फ ॉर्म भरे जा रहे थे जिसका लाभ 1 रु का नहीं था। जब विधानसभा का चुनाव हुआ था तब एक ब्लू फ ॉर्म भी इन्हीं नेताओं ने भरवारा था। उसके बाद भी 1500 रु प्रति माह महिलाओं को नहीं मिले थे। चुनाव जीतने के लिए यह राशि कांग्रेस नेताओ ने अपने फोन से गूगल पे कर दी थी। अगर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नियत साफ होती तो जब हिमाचल प्रदेश का बजट सत्र चल रहा था तो बजट में यह 1500 रु देने का प्रावधान करती, पर उन्होंने 1 रु का प्रावधान भी नहीं किया था और

जैसे ही बजट सत्र का अंत हुआ उसके बाद इन्होंने घोषणा कर दी कि प्रत्येक महिला को 1500 देंगे पर वह घोषणा भी अजीब है जिसमें यह पारदर्शिता ही नहीं है कि किसी महिला को 1500 रु मिलेंगे और किसको नहीं। अगर लेंस लगाकर देख तो पता लगता है कि केवल मात्र जिन महिलाओं को पहले से ही स्वावलंबन राशि मिल रही थी उन्हीं को ही इस घोषणा का लाभ होगा।

## कोलडैम परियोजना क्षेत्र में कसोल घाटी के सतलुज सागर तट

### बैसाखी मेला कसोल कोलडैम में जल क्रीड़ाएं के अलावा बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: कसोल** गांव में इस वर्ष भी ब्रह्मलीन संत शिरोमणि तपोनिष्ठ परम पूज्य श्री श्री 1008 बाबा जमुना दास जी महाराज की तपोस्थली कसोल घाटी के सतलुज सागर के तट पर सतलुज पूजा व मेष संक्रांति स्नान एवं बैसाखी मेले का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कसोल विकास मंच एवं युवक मंडल कसोल द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय बैसाखी मेला कसोल कोल डैम में श्री श्री ट्रस्ट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री कृष्णा इंडिया कंपनी के निदेशक उदय तिवारी ने बतौर



मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजक सेवानिवृत्त उप निदेशक कृषि डॉ प्रकाश चंद ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हरिद्वार और गंगा नदी के तट पर होने वाली महाआरती की तर्ज पर वातारवरण देखने को मिला। स्थानीय बच्चों के लिए सकारात्मकता सोच अपनाने और सही रास्तों को चुनने के साथ उनको मोटिवेट करने को लेकर इस तरह के इवेंट करवाने के लिए आयोजकों को बधाई दी। आयोजक डॉ प्रकाश चंद ठाकुर ने सभी को बैसाखी मेला कसोल की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कोल डैम में धार्मिक दृष्टि से पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा और आने वाले समय में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के साधन भी होंगे। कहा कि क्षेत्र में आने वाले समय में यह उत्सव ऐसा इवेंट होगा कि जिसमें, एडवेंचर स्पोर्टस और वाटर स्पोर्टस के माध्यम से आर्थिकी को सुदृढ़ करने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के प्रयास किये जाएगें। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार से योजना, लागू करने का खाका तैयार किया जाएगा। मेले के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता, लडके व लड़कियों की जल क्रीड़ा स्पर्धा, महिला मंडल दवारा सांस्कर्तिक कार्यक्रम के अलावा एनटीपीसी साई स्पोर्ट की खिलाडियों दौरा जल क्रीड़ाएं आदि का आयोजना हुआ। जिनमें साई एनटीपीसी वाटर स्पोर्ट्स सेंटर बरमाणा की खिलाडि?ों ने कयाकिंग की 500 मीटर की प्रतियोगिता में मनु ठाकुर ने गोल्ड, एंजलीना ने सिल्वर और मीनाक्षी ने ब्रॉन्ज जीता। वहीं क्याक के टू

## अखिल भारतीय व प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संदीप सांख्यान को बनाया प्रदेश में कांग्रेस मीडिया

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कहा कि लोकसभा व प्रदेश में उपचुनावों के चलते हुए उनको प्रदेश में कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर के पद की नई और अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रदेश कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजीव शुक्ला, प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह,



प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी व चंद्रशेखर का धन्यवाद व आभार जताया है। संदीप सांख्यान ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी की वह इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करेंगे और कांग्रेस की योजनाओं और विचारधारा को जनण्जन तक मीडिया के माध्यम से पहुंचा जाएगा और देश व प्रदेश में भाजपा और केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करने में कोई कसर नहीं रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि वैचारिकता की इस लड़ाई में भाजपा की जनविरोधी नीतियों का बड़ी शालीनतापूर्वक जबाब दिया जाएगा ताकि प्रदेश का जनमानस यह समझ सके कि भाजपा और कांग्रेस की सरकारों में क्या अंतर है।

# मजबूती के साथ लड़ेंगे और निश्चित रूप से जितेंगे लोकसभा का चुनाव: सिंह

**चमन शर्मा**

**शिमला:** विक्रमादित्य सिंह को कांग्रेस ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मंडी से मैदान में उतारा है। विक्रमादित्य जल्द ही अपने चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। शिमला में प्रेस से बातचीत करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी की जनता का उनके परिवार को पहले भी आशीर्वाद मिला है। वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और निश्चित तौर पर जीतेंगे। कंगना पर हमलावर होते हुए विक्रमादित्य ने कहा कि प्रदेश में जो खान-पान की चर्चा चल रही है उसका संज्ञान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल से हिंदू संगठनों को लेना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने पुराने नाते को भी याद किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान में दूसरी बार उन्हें शिमला ग्रामीण से विधायक के तौर पर चुना गया है और प्रदेश में वह मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्होंने टिकट की मांग नहीं की थी लेकिन पार्टी ने उन पर भरोसा जताया और मंडी से लोकसभा चुनाव में उतारा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह किसी भी हाल में इस चुनाव को ग्लैमराइज नहीं होने देंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चुनाव प्रदेश और स्थानीय मुद्दों पर होगा।



विक्रमादित्य सिंह ने बीफ पर कंगना रनौत को लेकर दिए गए बयान को परोक्ष रूप से फि र दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में खाने पीने को लेकर जो चचाएं चल रही है इसका संज्ञान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग खुद को हिन्दू संस्कृति के रक्षा कहते हैं ऐसे में उन्हें इस बात का संज्ञा लेना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आरएसएस से उनका रिश्ता पुराना है। वीरभद्र सिंह ने धर्मांतरण के विरुद्ध कानून लाया था तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों ने उनको धन्यवाद किया था। उन्होंने कहा कि वह पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और निश्चित तौर पर इस चुनाव को जीतेंगे। मंडी की जनता ने पहले भी उनके परिवार को आशीर्वाद दिया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अगर वह जीत कर जाते हैं तो लोकसभा में भी हिमाचल के हितों की आवाज उठाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कांग्रेस एक लोकतंत्र पार्टी है। विचारों में विरोधाभास होते हैं लेकीन इसके बावजूद उन पर पार्टी ने भरोसा जताया है। आज पार्टी ने उन्हें मंडी लोकसभा सीट से उतारने का फै सला किया है। उन्होंने कहा कि अपने मुद्दों को लेकर उन्होंने पार्टी आलाकमान से भी बातचीत की है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वह उनका सम्मान करते हैं लेकिन उन्हें दूरबीन लगाकर उनके घर में झांकने की जरूरत नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को अपने पार्टी में मची खलबली को देखना चाहिए।

# कबड्डी मुकाबले में जसूर खेड़ी की टीम बनी विजेता

**टूर्नामेंट**

8 इस वर्ग में विजेता टीम को 8100 रुपये की राशि व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 रुपए की राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई



**राजन पुरी**

**ऊना:** नगर परिषद संतोषगढ़ में यारां दियां यादा स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से कराए गए कबड्डी टूर्नामेंट का समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के साथ साथ हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व राजस्थान से खिलाडियों ने हिस्सा लिया। ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में जसूर खेड़ी टीम का मुकाबला लवप्रीत सोनी की टीम के साथ हुआ। जिसमें जसूर खेड़ी की टीम ने जीत दर्ज करके 1 लाख 1 हजार रुपए की इनामी राशि तथा ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के कबड्डी मुकाबलों में 65 किलोग्राम वर्ग में फाइनल मुकाबले में राजपुरा की टीम ने पुरू संतोषगढ़ की टीम को हराकर फाइनल मैच अपने नाम किया। इस वर्ग में विजेता टीम को 8100 रुपये की राशि व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 रुपए की राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। इससे पूर्व बिछुड़ गए दोस्तों की तस्वीर के आगे पुष्प अर्पित करके किए गए।

प्रतियोगिता के आयोजक राजीव भारद्वाज एवं परमजीत सैनी ने आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रवीन शर्मा, सुशील कालिया, शाम मुरारी, विनोद कुमार, राजीव कटारिया, सुनील लवाना, सोम चंद ने बाखूबी निभाई।

टूर्नामेंट देखने के लिए लोगों एवं युवाओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में प्रो कबड्डी खिलाड़ी आकाश पराशर, हरमनजीत, हिमांशु, लवप्रीत, शिवांश ठाकुर, महिंदर पाल तथा आकाश चौधरी भी हिस्सा लेने पहुंचे।

# मैसर्स सैमन इंफ्राकॉर्प के साथ बैठक आयोजित

**चमन शर्मा**

**शिमला: उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर कैथलीघाट से शकराल गांव तक लगभग 18 किलोमीटर निमार्णाधीन फ ोरलेन पर फेस-1 में कैथलीघाट शुंगल से गोरोकवां तक मैसर्स सैमन इंफ्राकॉर्प द्वारा निर्मित की जा रही टनल में ब्लास्टिंग एवं कंपन से होने वाले दुष्प्रभाव से निपटने के लिए बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कैथलीघाट से शकराल गांव तक लगभग 18 किलोमीटर निर्मित की जा रही फोरलेन शिमला शहर से कुछ ही दूरी पर निर्मित की जा रही है जिस कारण स्थानीय पंचायत क्षेत्र में धूल, मिट्टी तथा पर्यावरण की समस्या होने के साथ-साथ शिमला शहर व आसपास का क्षेत्र भी प्रभावित हो सकता है, इसलिए टनल का निर्माण निर्धारित मापदण्डों के तहत किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियम 92 एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत टनल के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले ब्लास्टिंग मटेरियल का सही रखरखाव, संरक्षण एवं भंडारण सुनिश्चित करने के साथ-साथ निर्माण कार्य में लगे कामगारों/इंजिनियरों की प्रतिदिन सभी शिफ्टों की ड्यूटी का पंजीकरण, फ ोटो एवं विडियोग्राफ ी, सायरन बजाना, पर्यावरण नियंत्रण, अग्निशमन उपकरण



व्यवस्था करना, काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा जूते, हेलमेट आदि जैसे सुरक्षा उपकरण प्रदान करना तथा आपातकाल के समय कंपनी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करना, जिसमें एम्बुलेंस की व्यवस्था भी शामिल हो, सही मापदंडों एवं अनुमोदित प्लान के तहत अनिवार्य है, जिसकी निगरानी एवं समय-समय पर निरीक्षण के लिए उपायुक्त ने एडीएम कानून एवं व्यवस्था, एसडीएम शिमला ग्रामीण तथा खनन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि टनल निर्माण में होने वाली ब्लास्टिंग एवं कंपन से कैमीकल रिसाव होने का अंदेशा है जिससे शिमला जिला की तीन पंचायतों के ग्रामीण प्रभावित हो सकते है और जल स्त्रोतों के दूषित होने एवं सूखने की स्थिति बन सकती हैए इसलिए सुरक्षा प्रबन्धन अनुमोदित प्लान के तहत निर्माण कार्य किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टनल से जो मलबा निकाला जा रहा है उसे अनुमोदित डंपिंग साईटों पर ही फैंका जाए। उपायुक्त ने कहा कि ब्योलिया फ ोरलेन क्षेत्र में जो मलबा फैंका जा रहा है वह बिना अनुमति के फेंका जा रहा है।

लोगों के पीने के पानी के स्त्रोत एवं रास्ते खराब हो रहे है और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात में जान माल के भारी नुकसान के मद्देनजर फोरलेन एवं टनल से निकलने वाले मलबे को निजी भूमि एवं असुरक्षित जगह पर डंपिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसके निरीक्षण एवं निगरानी के लिए उन्होंने एडीएम कानून एवं व्यवस्था तथा एसडीएम शिमला ग्रामीण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लाटून कमांडर परमजीत सिंह ने लौटाया श्रद्धालु महिला का नकदी और जेवरात से भरा बैग

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** श्री नयना देवी जी में चल रही चैत्र नवरात्रों के दौरान उमड़ रही भीड़ में सुरक्षा का दायित्व संभाल रहे गृह सुरक्षा कर्मी अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत अष्टमी के दिन मंदिर सुरक्षा प्रभारी होम गार्ड इंचार्ज प्लाटून कमांडर परमजीत सिंह अपनी टीम के साथ जब इलाके में गश्त कर रहे थे तो गुफा की ओर पार्किंग के पास उनकी नजर रेत के ढेर पर पड़े गए बैग पर पड़ी। जब कर्मियों ने बैग खोलकर देखा तब उसमें 7500 रूपए नकद और कुछ कीमती जेवरात भी थे। प्रभारी परम जीत सिंह ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त बैग को मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर को सौंप दिया। तफ तीश करने पर इस सामान के मालिक का पता चला। पूरी जान पहचान आदि करने के बाद उक्त श्रद्धालु को बैग लौटा दिया। यह बैग हमीरपुर निवासी श्रद्धालु लक्ष्मी देवी का था, जो माता राणी के दर्शनों के लिए आए थे। लक्ष्मी देवी ने प्रभारी परमजीत और उनकी टीम को कोटि कोटि आभार जताया।

### सनोली में पुरानी रंजिश के चलते बेसबॉल के डंडे से हमला

**राजन पुरी**

**ऊना: सदर** थाना ऊना के तहत सनोली में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर बेसबॉल के डंडे से हमला हुआ है। हमले में लहुलूहान युवक को संतोषगढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उसका उपचार करवाया गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नितिश शर्मा निवासी सनोली ने बताया कि गत दिवस घर से बाजार जा रहा था। इसी दौरान गांव के अनिरूद्ध ने मिला, जिससे कुछ दिन पहले की गई बदतमीजी का कारण पूछा, तो अनिरूद्ध एक दम आग बबूला हो गया। इस दौरान अनिरूद्ध ने ईंट का रोडा मेरे हाथ पर मार दिया। बीच बचाव करने पर बेसबॉल का डंडा लिया और मेरे साथ मारपीट करने लग गया। बेसबॉल के डंडे से हुए हमले में नितिश शर्मा लहुलूहान हो गया और बाजू पर चोट पहुंची है। मारपीट में लहुलूहान नितिश शर्मा को सीएचसी संतोषगढ़ ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार व मेडिकल करवाया गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अनिरूद्ध के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गगरेट पुलिस ने बरामद की 29 पेटी शराब

**राजन पुरी**

**ऊना:** लोकसभा चुनाव के साथ साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद शराब माफिया ने भी फन उठाना शुरू कर दिया है। हालांकि पुलिस भी माफिया पर पैनी नजर रखे हुए है। इसी का परिणाम है कि गगरेट पुलिस ने मावा सिंधिया गांव में दो-अलग जगह से करीब 29 पेटी शराब की पकडने में सफलता हासिल की है। गगरेट पुलिस ने इस बाबत आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। चुनाव नजदीक आते ही पुलिस ने भी आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से अनुपालना करवाने के लिए कड़े हाथ आजमाने शुरू कर दिए हैं। गगरेट पुलिस को सूचना मिली थी कि मवा सिंधिया गांव में एक पशुशाला में शराब की खेप छुपा कर रखी है। जिसका इस्तेमाल चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को उक्त स्थल पर दबिश दी तो वहां से साढ़े ग्यारह पेटी देशी शराब संतरा, तीन पेटी हाफ बॉटल, चार पेटी क्वार्टर बॉटल बरामद करने में सफलता हासिल की। इस संबंध में पुलिस ने पवन कुमार निवासी मवां सिंधियां के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे मामला भी मवां सिंधिया का ही है, जहां पर मोहल्ला गुजरां लिंक रोड पर बनी पुली के पास गत्ता पेटी नजर आई। चैक करने पर पुलिस को गत्ते से 4 पेटी देशी शराब संतरा, 9 पेटी क्वार्टर बॉटल बरामद की गई।

# मेंहदी प्रतियोगिता में अमन प्रीत कौर व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में परमजीत कौर प्रथम



## कुरियाला में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

**बैठक**

8 एकलव्य कला मंच ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया

**राजन पुरी**

**ऊना: विधानसभा** क्षेत्र कुटलैहड़ में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कुरियाला में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कला मंच ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। नेगी ने बताया कि यह कार्यक्रम वहां पर आयोजित किया जा रहा है, जहां पर पिछले चुनाव में कम वोटिंग कास्ट हुई है। मतदाताओं से चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करने, साथ ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने इस नाटक के माध्यम से एक जागरूक नागरिक होने तथा लोकतंत्र में उसकी भूमिका को भी परिभाषित कर किया। सिकंदर नेगी ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान किया गया और लोगों को जानकारी देते हुए मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान में मेंहदी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता करवाया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन प्रीत कौर, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमजीत कौर ने प्राप्त किया। इस दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित भी

किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सैक्टर ऑफिसर प्रोफेसर नंद लाल, कुरियाला पंचायत के

प्रधान जसविंदर कौर, उप प्रधान अमित कुमार, प्रिंसिपल सुदर्शन कुमार, ब्लॉक लेवल आफिसर कंचन वाला और अनीता वाला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुस्तिकाओं के मुल्यांकन के लिए तैनात शिक्षकों को मिले टीए डीए: विकास

**राजन पुरी**

**ऊना:** प्रदेश स्कूल प्राध्यापक संघ ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जमा दो व 10 कक्षाओं के लिए मुल्यांकन के लिए नियुक्त अध्यापकों और प्रवक्ताओं को टीए डीए देने की मांग की है। संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विकास रत्न, प्रदेश संगठन सचिव राजन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष वरूण लखनपाल, जिला अध्यक्ष दविंद्र बैली, महासचिव शशी सैणी व कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा ने मंगलवार को संयुक्त ब्यान में कहा कि बोर्ड द्वारा स्थापित उत्तर पुस्तिकाओं के मुल्यांकन केंद्र अधिकांश 30 किलोमीटर के दायरे में आते हैं और इन केंद्रों में बस किराया 75 से 100 रुपये तक लगता है।

# इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने सुखजीत एग्रो का दौरा किया

**राजन पुरी**

**ऊना: इंडस** इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू के रसायन विज्ञान विभाग के छात्रों ने सुखजीत एग्रो इंडस्ट्रीज का दौरा किया और ग्लूकोज उत्पादन की जानकारी हासिल की। इस दौरान विभाग प्रमुख डॉ. सुमित कुमार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी पंक राणा और संकाय साक्षी साथ रहे। इस दौरे का मुख्य आकर्षण छात्रों का प्रतिष्ठित औद्योगिक परिसर में ग्लूकोज उत्पादन की जटिल प्रक्रिया समझना और ज्ञान अर्जित करना था। सुखजीत एग्रो के विशेषज्ञों के नेतृत्व में छात्रों ने भोजन, फार्मास्यूटिकल्स और पेय पदार्थों सहित विभिन्न उद्योगों में एक




महत्वपूर्ण घटक ग्लूकोज के उत्पादन में शामिल मशीनरी और कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन किया।

सुखजीत एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की यात्रा छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव साबित हुई, जिससे उनकी शैक्षणिक यात्रा समृद्ध हुई और पाठ्यपुस्तकों और व्याख्यानों के दायरे से परे उनके क्षितिज का विस्तार हुआ। इंडस के कुलपति संजय कुमार बल और रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा ने व्यक्तिगत रूप से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने और भविष्य के कैरियर प्रयासों के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

# रोजगार के लिए बाहर गए लोग 1 जून को अवश्य मतदान करें : मनीश

**वोट की अपील**

8 लोकसभा चुनाव में रोजगार की दृष्टि से क्षेत्र से बाहर गए लोग अवश्य मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर: सहायक** निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि आगामी 1 जून को होने जा रहे लोक सभा चुनाव में रोजगार की दृष्टि से क्षेत्र से बाहर गए लोग अवश्य मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदान में सभी लोगों की भागीदारी से न केवल जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि लोकतंत्र को



मजबूती भी मिलेगी। एसडीएम आज आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से 31-जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत मतदान केंद्र भडयाड़ा बूहला, मकरीड़ी तथा त्रैम्बली में बोल रहे थे। इस दौरान

नोडल अधिकारी स्वीप खजान ठाकुर, चुनाव सहायक मोहन सिंह सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान मतदान केंद्र 50 भडयाड़ा बूहला में 58.42 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था जिसमें 64.65 प्रतिशत महिला मतदाताओं के मुकाबले पुरूषों की भागीदारी 51.93 प्रतिशत रही। इसी तरह जहां मतदान केंद्र 47 मकरीड़ी में कुल मतदान 58.32 प्रतिशत दर्ज हुआ था जिसमें महिला मतदाताओं की भागीदारी 66.24 प्रतिशत तथा पुरूषों की भागीदारी 49.28 प्रतिशत रही थी तो वहीं मतदान केंद्र 46 त्रैम्बली में 55.95 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था जिसमें भी महिला मतदाता 66.76 प्रतिशत के मुकाबले पुरूष मतदातों की भागीदारी महज 44.27 प्रतिशत रही थी।

# हमारी सरकार मजबूत, खुद संशय में कांग्रेस : बिंदल

**चमन शर्मा**

**हमला बोला**

8 कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री कहते है कि हमने 10 में से एक गारंटी पूरी कर दी

**शिमला: भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज की प्रेस कॉन्फ्रें स जैसे खोदा पहाड़ निकली चुहिया जैसी है। कांग्रेस पार्टी के उप मुख्यमंत्री कहते है कि हमारी सरकार मजबूत है। इस बात पर बिंदल ने कहा कि जब सरकार मजबूत है तो बार-बार बोलने की क्या जरूरत है। कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री कहते है कि हमने 10 में से एक गारंटी पूरी कर दी। यह स्वयमेव इस बात की स्वीकृति है कि कांग्रेस पार्टी ने 2022 के चुनाव के दौरान हमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवकों को ठगा। 1 लाख नौकरियां पहली कैबिनेट में देने का वायदा किया और उसके बाद नौकरियां देने वाला संस्थान बंद कर दिया। 22 लाख बहनों को 1500 रूपया पहली कैबिनेट में देने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि 22 लाख बहनों का कर्ज इस सरकार पर चढ़ गया हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा चुनाव के समय गारंटीयों की घोषणा करनाए परन्तु आज जनता को 100 रुपए लीटर दूध का



इंतजार है, 2 रुपए किलो गोबर का इंतजार, 300 यूनिट बिजली के फ्री होने का इंतजार है। यह हिमाचल प्रदेश की जनता के जले के ऊपर जख्म छिडकने के बराबर है। इसके बावजुद भी कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी उपलब्धियां ही गिनाती रहती हैं। एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं गिना पाए जो सच में हिमाचल प्रदेश के जनहित की और इनके घोषणा पत्र के हिस्से की हो। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ने जब सब कुछ बखेर दिया। उसके बाद इक्का करने चल रहे हैं। हिमाचल की जनता को पता है की देश में नरेंद्र भाई मोदी की सरकार बन रही हैए इसलिए हिमाचल की जनता मोदी जी के साथ का सांसद यहाँ से भेजेंगी। हिमाचल की जनता दूसरी पार्टी का सांसद भेजकरके अपने हिमाचल का नुकसान करने वाली जनता नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी सरकार के लिए खुद ऐसी स्थिति खड़ी कर दी कि दो-दो विधायकों को चुनाव के मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायकों को हराने के लिए उतारा है या जीताने के लिए उतारा है, ये इस वर्तमान प्रदेश की सरकार को खुद ही स्पष्ट नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार वास्तव में अपने प्रत्याशियों को जिताना भी नहीं चाहते हैं क्योंकि उनको जिताएंगे तो 34 में से 32 हो जाएंगे। एक बात का भी जवाब ये इतनी बड़ी प्रेस कॉन्फ्रें स के अंदर ना मुख्यमंत्रीए ना उप-मुख्यमंत्री और ना प्रदेश अध्यक्ष दे पाई। यह केवल और केवल अपनी खीज मिटाने का काम करने में जुटे हुए हैं।

एसमल-29

# महाअष्टमी पर माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हुई पूजा अर्चना

**राजन पुरी**

**ऊना: उत्तर** भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में मंगलवार को महा अष्टमी के अवसर पर माता की विशेष पूजा अर्चना की गई। पुजारी वर्ग ने जगत कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की। जबकि माता स्वरूप कंजकों की पूजा करते हुए प्रसाद वितरित किया गया। महाष्टमी के विशेष अवसर पर पंजाब सहित कई राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह सवेरे ही माता के पावन दर्शन के लिए मंदिर पहुंचना शुरू हो गए थे। महा अष्टमी के दिन एसडीएम अंब विवेक महाजन, डीएसपी अंब वसुधा सूद व मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने भी पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। बता दें कि नवरात्र के चलते मंदिर



में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होता है। लेकिन नवरात्र के उपलक्ष में अष्टमी के दिन कंजक पूजन को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी के चलते मंगलवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भी चहल-पहल आम दिनों से काफी ज्यादा रही। अष्टमी की विशेष पूजा के लिए श्रद्धालुओं का माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचने का क्रम सोमवार को ही शुरू हो गया था। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं में बलजीत कौर, नवजीत कौर, राजीव कुमार व सुनील कुमार का कहना है की विशेष रूप से अष्टमी पूजन के लिए वह माता चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचते हैं। माता की पावन पिंडी के दर्शन करने के साथ मंदिर परिसर में कंजक पूजन का काफी महत्व बताया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### 'मतदान के दिन वोट डालकर निभाएं देश के प्रति कर्तव्य'

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने जिला के सभी मतदाताओं से आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट समान रूप से कीमती होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक जागरूक मतदाता के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते हुए सभी मतदाता वोट जरूर डाले। बिना की भेदभाव व डर के अपने क्षेत्र की खुशहाली के लिए उम्मीदवार चुनें। वोट के मामले में किसी के बहकावे में ना आएं और ना ही किसी प्रकार का उपहार या नकद लें। आयोग के नियमों के अनुसार वोट के लिए रिश्वत देने और लेने वाले दोनों ही समान रूप से गुन्हेगार हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मर्जी और पसंद के उम्मीदवार को वोट दें। कई बार मतदाता सोचना है कि चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार उसकी पसंद के नहीं हैं तो वोट डालने की जरूरत ही नहीं हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने नोटा का बटन दिया हुआ है, जिस पर वोट डालने से संबंधित मतदाता का वोट तो डल जाता है लेकिन वह वोट चुनाव लड़ रहे किसी उम्मीदवार के खाते में नहीं जाता। ऐसे प्रत्येक मतदाता देया के प्रति अपने कर्तव्य का पालन कर सकता है।

### कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**लखनऊः लोकसभा** चुनावों में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारियों में जुटे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह देश भर में जनसभा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में अमित शाह ने मणिपुर के इंफाल में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और मणिपुर को जलाने की बार-बार साजिशें रचने वाले विपक्षियों को निशाने पर लिया। देश की एकता और अखंडता के हिमायती शाह ने यह संदेश दिया कि, कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने भारत के दो टुकड़े कर दिए। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने देश पर राज किया। लेकिन समूचे नॉर्थ ईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग कर दिया। सालों तक नॉर्थ ईस्ट अलगाववाद, उग्रवाद, गरीबी, भुखमरी और नस्लीय हिंसा का दंश झेलता रहा। यह वही कांग्रेस है जो अब भारत को दो हिस्सों झ्र नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया झ्र में बाँटने की बात करती है। देश की जनता अब कांग्रेस की सच्चाई को जान चुकी है। दरअसल मणिपुर की जनता के सामने यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले चुनाव में एक ओर मणिपुर को तोड़ने वाले लोग हैं और दूसरी ओर मणिपुर को जोड़ कर रखने वाले लोग हैं। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में आज नॉर्थ ईस्ट शांति और विकास के रथ पर सवार होकर नई इबारत लिख रहा है। अमृतकाल में नॉर्थ ईस्ट और दिल्ली के बीच की दूरी कम हुई है। कौन नहीं जानता है कि बीते 10 साल में नॉर्थ ईस्ट में 10 से ज्यादा शांति समझौते हुए, जिसके अंतर्गत 9,000 से ज्यादा उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और आज समाज की मुख्यधारा में शामिल हैं। कांग्रेस के दौर में मणिपुर को नाकाबंदी वाला राज्य बना दिया गया था। ड्रग्स की तस्करी, अवैध घुसपैठ और और उग्रवाद मणिपुर के लिए अभिशाप बन गया था। जबकि आज म्यांमार सीमा पर जोर-शोर से बॉर्डर बनाने का काम चल रहा है। घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए फ्री मूवमेंट रिजीम पर रोक लगाने का फैसला भी अभूतपूर्व है। नॉर्थ ईस्ट का बच्चा-बच्चा यह जानता है कि जब तक मोदी-शाह की जोड़ी है, कोई भी मणिपुर को तोड़ने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और अंत्योदय की राजनीति करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है कि मणिपुर सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट में शांति बनी रहे।

# युवा, महिला, प्रगतिशील किसानऔर मजदूर शक्ति है भाजपा के चार महत्वपूर्ण स्तंभः मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः लोकसभा चुनाव** 2024 के दृष्टिगत करनाल लोकसभा क्षेत्र के उम्मीद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार सुबह पानीपत भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से वर्तमान चुनावी माहौल के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कार्यकताओं को संबोधित भी किया` इस अवसर पर उनके साथ करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर, गजेंद्र सुलूजा, विजय जैन, रविन्द्र भाटिया,



सुनील सोनी, कृष्ण छौक्कर, रोशन लाल माहला, भाजपा विस्तारक कश्मीर खासा, मंडल अध्यक्ष विजय सहगल, वींरेंद्र तनेजा, राजेश भारद्वाज, नीरज सिंगला, हरीश कटारिया, प्राण रत्नाकर, जयदेव नौल्था, सत्यवान शेरा सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने प्रिय नेता मनोहर लाल का भव्य स्वागत किया`करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है इसमें जातिवाद व परिवारवाद को महत्त्व नहीं दिया जाता` भाजपा में पार्टी के प्रति श्रद्धा और समर्पण रखने वाले कार्यकताओं का विशेष सम्मान होता है उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसी नियम पर चलते हुए पार्टी हाई कमान ने नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया लेकिन मुख्यमंत्री के बदलने से भारतीय जनता पार्टी की नीतियां और विकास कार्यक्रम नहीं बदलते भाजपा हाई कमान के निर्देशों के अनुसार ही सभी कार्य किए जाते हैं उन्होंने कहा कि यह पार्टी ऐसी है जिसमें पता नहीं चलता कौन पार्टी कार्यकर्ता किसी वरिष्ठ पद पर कब पहुंच जाए` उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के सभी प्रदेशों के 15 लाख लोगों के सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है` यह घोषणा पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों का व्यापक अवलोकन करने के बाद ही जारी किया है` भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है` उन्होंने कहा कि यूं तो सभी राजनीतिक पार्टियों में अच्छे नेता है।

## जनसभा का आमंत्रण बाजारों में देने पहुंचे विधायक प्रमोद

**पानीपत, कमाल हुसैन पानीपत शहरी** विधानसभा में 18 अप्रैल वीरवार को पानीपत शहरी विधानसभा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल दो जनसभाएं करेंगे। मनोहर लाल जनसभाओं के माध्यम से जनता से वोटों की अपील करेंगे एवं इस क्रम में भाजपा विधायक प्रमोद विज ने जनसभा में शामिल होने का आमंत्रण पानीपत के प्रमुख बाजारों में बीते दिन जा कर दिया है, विज ने डोर टू डोर जा कर लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की एवं प्रत्याशी मनोहर लाल के समर्थन में वोट डालने की अपील की, विज ने कहा कि 25 मई को पानीपत शहर की जनता भाजपा के पक्ष में वोट डाल कर रिकार्ड बनाएगी एवं मनोहर लाल को भारी मतों से जिताने का काम करेगी



**सुबह शहरी चुनाव कार्यालय पहुचे मनोहर लालः-** मंगलवार की सुबह भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने शहरी विधानसभा के कार्यालय में पहुच कर कार्यकताओं से मुलाकात की एवं कार्यकताओं के संग चाय पर चर्चा कर चुनाव के दृष्टी से मार्गदर्शीत कर क आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर मौके पर समाधान भी कराया

## गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने यूपीएसई में पाया 752वां रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः यूपीएसई द्वारा** घोषित परीक्षा परिणाम में गांव शाहपुर की निशु त्यागी ने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु त्यागी की उपलब्धि पर उनके परिजनों को ग्रामीण व रिशेतदार बधाई देने में लगे हे। निशु त्यागी ने बताया कि उसका शुरू से ही सपना यूपीएसई की परीक्षा पास कर बेहतर रैंक हासिल करने का था। उसने इससे पहले भी तीन बार यूपीएसई की परीक्षा दी। तीसरी बार में वह इंटरव्यू तक पहुंच गई थी, लेकिन फाइनल लिस्ट में नही पहुंच पाई। चौथी बार में उसने 752वां रैंक हासिल किया है। निशु ने बताया कि हाल में वह दिल्ली में रहकर यूपीएसई की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बुधवार को वह अपने घर पर गांव शाहपुर में आएगी। निशु ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन लालमण त्यागी, पिता प्रवीण, माता के अलावा अपने चाचा, ताऊ व अन्य परिजनों को दिया। शुरू से ही सपना था यूपीएसई परीक्षा पास करने का निशु त्यागी के पिता प्रवीण त्यागी ने बताया कि निशु का दसवीं, बाहरवीं की परीक्षा पास करते ही उसका यूपीएसई की परीक्षा पास करने का सपना था। उसके लिए बेटी निशु ने डिस्टेंस एजकुेशन से स्नातक व एमए की पढ़ाई की। उसके साथ ही यूपीएसई की दिल्ली में ही रहकर कोचिंग लेकर तैयारी करती रही।

**बाहरवीं में किया था जिले में प्रथम स्थान प्राप्तः** निशु त्यागी ने दसवीं व बाहरवीं कक्षा की परीक्षा गन्नौर के शाश्वत चेतना स्कूल से की थी। स्वामी चेतना स्कूल की प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा, निदेशक राजकुमार शर्मा ने उन्हें बधाई दी। डिंपल शर्मा ने बताया कि निशु त्यागी स्कूल में होनहार छात्रा थी। वह शुरू से ही देश की सेवा करना चाहती थी।

## 5 हजार रुपये के इनामी गिरफ्तार

**गन्नौरः गन्नौर थाना** पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लक्की कुराड़ गांव का रहने वाला है। जानकारी देते हुए गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि 2022 में एक महिला ने गन्नौर थाना में शिकायत दी थी कि लक्की ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपित ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी और उसे जातिसूचक शब्द भी कहे थे। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपित लक्की फरार चल रहा था। पुलिस प्रशासन की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम भी रखा था। अब पुलिस ने आरोपित लक्की को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## विष्णु कॉलोनी से ध्वजा लेकर सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौतना**
**महेंद्रगढ़। रेलवे रोड़** स्थित विष्णु कॉलोनी से विष्णु भगवान मन्दिर परिसर में पहाड़ी वाली माता के दरबार से ध्वजा लेकर माता रानी के जयकारे लगाते हुए व डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए बच्चे, महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंचे तथा मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर माथा टेका तथा मन्नते मांगी। भूरा भवानी मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, उप-प्रधान विजय सिंह फोरमेन, कमेटी सदस्य मनपाल, रणधीर, राजू शर्मा, सूबे सिंह और मुकेश चौहान ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्होंने



बताया कि नवरात्रों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महेंद्रगढ़ शहर और क्षेत्र के आस पास के गांवों से हजारों श्रद्धालु सुबह शाम दोनों समय माता के दर्शन करने, धव्जा चढ़ाने व पूजा अर्चना करने आ रहे है।

माता भूरा भवानी के अरदास करने पर लोगों की मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। ऐसी लोगों मे मान्यता है। विष्णु भगवान मन्दिर कमेटी के प्रधान मनोहर लाल झुकिया एवं मन्दिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी के दर पर जो सच्चे मन और श्रद्धा भाव से आता है उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। लोगों की मनोकामना पूर्ण होने के कारण दिन प्रतिदिन मंदिर के प्रति लोगों की श्रद्धा बढ़ती जा रही है।

# सीट पर बैठने को लेकर हुए झगड़े में युवक को चलती एक्सप्रेस ट्रेन से दिया धक्का

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः माता वैष्णो देवी** से गुजरात के हापा जा रही हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य डिब्बे में सीट पर बैठने को लेकर दो युवकों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक को गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। इसके बाद डिब्बे में सवार यात्रियों ने धक्का देने वाले युवक को दबोच लिया और दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने के बाद गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया



और आरोपित को गन्नौर जीआरपी ने दिल्ली जीआरपी चौकी से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार 20 वर्षीय जहीर खान निवासी राठौरा कलां, जिला मुरैना मध्यप्रदेश मजदूरी का काम करता था। सोमवार को वह हापा सुपर एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे में सवार हो कर अपने साथी अनीस के साथ दिल्ली जा रहा था। इस दौरान जहीर खान का ट्रेन में सवार सुरेंद्र निवासी शाहपुर कंडी, पठानकोट पंजाब के साथ सीट को बैठने को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गन्नौर-राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच सुरेंद्र ने जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। चलती ट्रेन से नीचे गिरने के कारण जहीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेन में सवार बाकी यात्रियों ने सुरेंद्र को पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। इसके बाद यात्रियों ने उसे दिल्ली जीआरपी के हवाले कर दिया।

**अनीस की शिकायत पर केस दर्ज**
जीआरपी थाना प्रभारी महाबीर तोमर ने बताया कि पुलिस ने जहीर खान के साथी अनीस के ब्यान पर आरोपित सुरेंद्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित सुरेंद्र को पुलिस दिल्ली जीआरपी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं जहीर खान का पोस्टमार्टम भी बुधवार को रोहतक पीजीआई में होगा।

**राजकोट जा रहा था सुरेंद्र**
जहीर खान की हत्या का आरोपित सुरेंद्र की राजकोट गुजरात में गाड़ी की कमानी की दुकान है। वह ट्रेन में पठानकोट से बैठ कर राजकोट गुजरात के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में सीट पर बैठने को लेकर उसका जहीर खान से झगड़ा हो गया और उसने ताव में आ कर जहीर खान को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया।

## आकाशदीप ने छूआ सफलता के आकाश को यूपीएससी में पाया 166वां रैंक



**गन्नौरः गन्नौर शास्त्री नगर** के आकाशदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने में कामयाबी हासिल की है। आकाशदीप ने परीक्षा में 166वां रैंक हासिल किया है। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। आकाशदीन ने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप का जन्म 5 मार्च 1997 को हुआ, मां ममता, पिता सुशील कुमार, अलख निकेतन शास्त्री नगर, गन्नौर जिला सोनीपत के रहने वाले हैं। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके बाद बीटेक आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश से की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पेट्रोलियम में बतौर आपरेशन आफिसर के रुप में नियुक्ति हुई, लेकिन चार महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया। मेहनत रंग लेकर आई और पूरे भारत में 166वां रैंक प्राप्त किया है। आकाशदीप की सफलता से शहर में भी खुशी का माहौल है। आकाशदीप के माता व पिता को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया राम नवमी

**टीम एक्शन इंडिया**
समालखाः दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में राम नवमी का उत्सव मनाया गया। कक्षा छठी के छात्रगण ह्यरामायणह्व की थीम पर तैयार होकर स्कूल पहुँचे। उनके द्वारा प्रस्तुत मंत्रोच्चारण व रामजी की स्तुति-गायन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सारा परिसर ह्यजय श्रीरामह्व के मंत्रोच्चारण से भक्तिभाव से परिपूर्ण था। इस अवसर पर डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने छात्रगण को संबोधित करते हुए कहा कि ये उत्सव आपके जीवन में अपार खुशियाँ और समृद्धि लेकर आए। राम नवमी का



त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है और इसका हमारी संस्कृति और परंपराओं में गहरा महत्त्व है। इस प्रकार की विशेष सांस्कृतिक गतिविधियाँ स्कूल परिसर में समय-समय पर होती रहेगी, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सकें। स्कूल की प्रबंधन समिति ने इस अवसर पर कहा कि श्री राम का संपूर्ण जीवन आदर्श; भारतीय दर्शन व सभ्यता-संस्कृति का प्रसार करता है। छात्रों को इनसे

# पीने के पानी की परियोजना शुरू कराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**
**खरखौदा : शहीद दलबीर** सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में डॉ नरेश कपूर (स.रा.अमेरिका) के सौजन्य से पूनम बगही की देखरेख में चार लाख की लागत से पीने के पानी की परियोजना शुरू कराई गई है। महाविद्यालय और इसके आसपास के क्षेत्र में खारा पानी है। इस वजह से महाविद्यालय में मीठे पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्यार्थी और स्टाफ



सदस्य सभी इस बुनियादी आवश्यकता की कमी की वजह से परेशान थे। इसके लिए महाविद्यालय द्वारा कई बार आला अधिकारियों से भी आग्रह किया था, लेकिन उस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया था। डॉ नरेश कपूर द्वारा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी और स्टाफ सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई गई मीठे पानी की यह व्यवस्था बहुत ही सराहनीय कदम है। हमारे समाज को इस तरह के समाज सेवकों की आवश्यकता है, जो निस्वार्थ, आवश्यकता अनुरूप इस तरह की आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। इस परियोजना द्वारा पूरे महाविद्यालय में पीने के मीठे पानी की व्यवस्था शुरू हो गई है। महाविद्यालय में कई जगह पीने के पानी के नल लगा दिए गए हैं। आज इस जल परियोजना का उद्घाटन किया गया तथा यह परियोजना शुरू करने के लिए महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरन सरोहा तथा सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा डॉ नरेश कपूर व पूनम बगही को सादर आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया।

# पीआरपीसी में मनाया जा रहा है राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः पानीपत रिफाइनरी एवं** पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग से निपटने में अपनी जान गंवाने वाले 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 अप्रैल, 2024 को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया। इसी के साथ ही पीआरपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक) की भी शुरूआत हो गई। कार्यक्रम की शुरूआत में, एम एल डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओओए, आईपीआरईयू, सीआईएसएफ के



प्रतिनिधियों तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के मुख्य फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवाओं के झंडे को आधा झुकाया गया। इसके बाद बहादुर अग्निशामकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा पीएनसी में आयोजित कार्यक्रम में श्री सुधांशु शेखर, मुख्य-महाप्रबंधकगण (तकनीकी ) के नेतृत्व में भी राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री डहरिया ने 66 शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उद्योग जगत में अग्नि एवं सुरक्षा विभाग की सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है ताकि हम इंडियन ऑयल के शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डहरिया ने उपस्थित कर्मचारियों एवं हितधारकों को सभी सुरक्षा मापदंडों पर आत्मनिरीक्षण करने के लिए कहा और जो भी कमियां प्रतीत होती हैं उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण लेना चाहिए। उन्होंने सभी से आग और सुरक्षा उपायों को सीखने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने और छोटी और छोटी असुरक्षित स्थितियों को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संयंत्र और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 24७7७365 दिन सतर्क रहना चाहिए। इस अवसर पर, डहरिया द्वारा विभिन्न घटनाओं से सीखने, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा समकालिक नियम एवं जरूरी जानकारियाँ तथा आईएफआर सूट के महत्व का वर्णन करने वाले एक विशेष पत्रिका का भी अनावरण किया गया।

अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024) के दौरान, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों और सभी हितधारकों के लिए आग से बचाव और सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# सभी को महान संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने की जरूरतः महेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** दुर्गाअष्टमी के अवसर पर पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव सिवाह में धानक समाज की ओर से धानक चौपाल पर संत कबीर की मूर्ति की स्थापना की गई। इस उपलक्ष्य में समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकल गई। मूर्ति स्थापना समारोह में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि संत कबीर अपने समय के क्रांतिकारी सचेतक



थे। उन्होंने दुनिया भर में व्याप्त आडंबरों, कुप्रथाओं, जड़ता, मूढ़ता एवं अंधविश्वास का तर्कों के साथ खंडन किया। उन्हें अपने युग के प्रति यथार्थ बोध इतना गहरा था कि उन्होंने हर परंपरा, कुरीति एवं पाखंडों को यथार्थ धरातल पर खारिज करते हुए इससे बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को इन महान संत के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

# इस रामनवमी की सदियों से थी प्रतीक्षा

**अयोध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ वर्षों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनाएंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का ये स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। लेकिन सबसे ज्यादा पीड़ादायक पिछले 75 वर्ष रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की राजनीति को सिर माथे से लगाया और हिंदू आस्थाओं और भावनाओं को कुचलने में कोई कसर बाकी नही रखी। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक ने राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाने का काम किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे। सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है। गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

# विकसित भारत बनाने की स्पष्ट रूपरेखा है भाजपा का संकल्प पत्र

मृत्युंजय दीक्षित

> भाजपा के संकल्प पत्र -2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं । पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को नि :शुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है ।संकल्प पत्र मे गारंटी दी गई है कि मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर दिए जाएंगे व पीएम आवास योजना का विस्तार किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात कही गयी है। 2014 से जब से प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है तभी से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गयी हैं

**भारतीय** जनता पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनावों के लिए 78 पृष्ठों का संकल्प पत्र जारी कर दिया है। प्रथम दृष्टया यह संकल्प पत्र विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और सशक्त भारत की रूपरेखा है। संकल्प पत्र में भाजपा ने अपनी सरकार के पिछले दस वर्षो की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा करने के साथ ही आगामी पांच वर्षों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी की 24 गारंटियों पर विहंगम दृष्टिकोण प्रस्तुत कर दिया है। संकल्प प्रस्तुत करते समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि, जो हम कहते हैं वह हम करते हैं। भाजपा का संकल्प पत्र गहन शोध तथा संकल्पों पर अमल करने के व्यापक चिंतन तथा जन सामान्य और कार्यकताओं से प्राप्त 15 लाख सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार आने के बाद भाजपा अपने महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक संकल्पों को एक के बाद एक पूरा कर रही है। अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर का निर्माण और उसमें भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। अयोध्या विश्व के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर तीव्रता के साथ उभर रहा है और सनातन का वैश्विक उभार हो रहा है। यही नहीं विगत दस वर्षों में सनातन हिंदू आस्था के सभी केंद्रों का तीर्थाटन के दृष्टिकोण से विकास हो रहा है जिसे आगामी कार्यकाल में और तीव्र किये जाने पर बल दिया गया है। जनसंघ के समय से किया गया भाजपा का जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का वादा भी पूरा हो चुका है और वहां विकास की नयी गाथा लिखी जा रही है। महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में सताए गए अल्पसंख्यक शरणार्थियों हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन,पारसी व ईसाईओं को नागरिकता प्रदान करके वाला सीएए भी लागू कर दिया है। संकल्प पत्र में नीतिगत रूप से विरासत भी और विकास भी को ध्यान में रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों युवा, गरीब, किसान और नारी शक्ति की बात करते हैं यह संकल्प पत्र उन्हीं चार जातियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। संकल्प पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इन चार जातियों के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही थीं उन सभी योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। बुजुर्गों के प्रति भी यह संकल्प पत्र




संवेदनशील है । भाजपा के संकल्प पत्र-2024 में सभी के लिए अवसरों की मात्रा और गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि, विगत दस वर्षा में हमने जो कार्य किये हैं वह तो मात्र एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर तो अभी बाकी है संकल्प पत्र इसकी बानगी है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भगवान राम के भव्य दिव्य मंदिर का उल्लेख करने के साथ ही विश्व भर में रामायण उत्सव मनाने तथा भगवान राम की मूर्त और अमूर्त विरासत को बढ़ावा देने वाले विश्व के सभी देशों को सहयोग देने का संकल्प किया है। विश्व भर के लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे हैं। अतः भाजपा सत्ता में वापस आने पर अयोध्या के वृहद विकास के लिए प्रतिबद्ध है।भाजपा ने भारतीय पांडुलिपियों व पुरालेखों का डिजिटलीकरण मिशन मोड मे जारी रखने का भी संकल्प लिया है।संकल्प पत्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधापूर्ण तीर्थयात्रा का वादा कर समझाने का प्रयास किया गया है कि आस्था का सम्मान किया जाएगा।स्वाभाविक है कि तीर्थस्थलों के विस्तार की बात हो या नागरिकों को तीर्थ सम्बन्धी सुविधा मिलने अथवा तीर्थस्थलों पर रोजगार के नये अवसर मिलने इसका लाभ जन सामान्य को ही होगा।

भाजपा के संकल्प पत्र -2024 में जिन बातों की गारंटी ली गई है उसमें अगले पांच वर्षो में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रमुख हैं । पांच वर्षों तक सभी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन तथा पानी के साथ ही अब पाइप लाइन के सहारे बेहद सस्ती व गुणवत्ता से युक्त रसोई गैस देने का भी संकल्प लिया गया है।संकल्प पत्र मे गारंटी दी गई है कि मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर दिए जाएंगे व पीएम आवास योजना का विस्तार किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संकल्प पत्र में युवाओं के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की बात कही गयी है। 2014 से जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है तभी से खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गयी हैं जिनका व्यापक प्रभाव राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर एशियाई खेलों, ओलम्पिक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा मंचों पर दिखाई दिया है, इस दिशा में आगे बढ़ते हुए संकल्प पत्र में कहा गया है कि अब हम 2036 में ओलम्पिक खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं। युवाओं के लिए इंफ्रास्टक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेलों के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर बढ़ाने पर बल दिया गया है। तीव्र गति की इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए के लिए 5 जी और 6 जी तकनीक पर लगातार काम किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के व्यापक पैमाने पर डिजिटलीकरण पर बल दिया गया हैं। नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत भी केंद्र सरकार ने विभिन्न कार्य किए हैं जिसके कारण नारी शक्ति कई क्षेत्रो में देश और समाज का नेतृत्व कर रही है।भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में नारी तू नारायणी के अंतर्गत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह लखपति दीदी कृषि क्षेत्र के लिए विशेष उपयोगी साबित होंगी। भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तय सीमा के अंतर्गत लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। वहीं महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देने की बात है। समान नागरिक संहिता - भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने तथा एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए मोदी सरकार कुछ कदम उठा भी चुकी हैं जिसके अंतर्गत चार केंद्रीय मंत्रियों की एक टीम का गठन किया गया है जो विधि आयोग के साथ विचार विमर्श भी कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई अवसरों समान नागरिक संहिता पर अपने विचार स्पष्ट कर चुके हैं।मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की बहस और लागू करने के संकल्प का लाभ भाजपा को विधानसभा चुनावों में मिल चुका है।अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का संकल्प लिया गया है। एक देश एक चुनाव व्यवस्था संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था पर आगे बढ़ने की बात कही गई है। इस विषय पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट राष्ट्रपति के समक्ष पहुंच गई है। एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने के लिए ही अबकी बार 400 पार का नारा जोरदार ढंग से दिया जा रहा है। भाजपा के संकल्प पत्र पर पार्टी का कहना है कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र राजनैतिक शुचिता को स्थापित करने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र पंथ, जाति, क्षेत्र किसी भी आधार पर किसी का भी तुष्टिकण नहीं कर रहा है अपितु यह जन जन को संतुष्टि प्रदान करने वाला है। यह संकल्प पत्र गरीबों की सेवा करने की गारंटी वाला संकल्प पत्र है । विगत दस वर्षों में गरीब कल्याण के लिए , बुजुर्गो के कल्याण के लिए, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए, श्रमिक कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गये जिनका अब विस्तार किया जाएगा। संकल्प पत्र की सबसे बड़ी गारंटी यह है कि 2024 में तीसरी बार वापस आने के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। संकल्प पत्र में भाजपा ने पीएम सूर्य घर योजना को विस्तार देकर बिजली का बिल शून्य करने की बात कही है और राशन तथा स्वास्थ्य को छोड़कर कहीं भी मुफ्त की रेवड़ी की बात नहीं की है।

## कविता

### सच्चा साथी

जैसे ही मतलब निकला
छोड़ देते हैं लोग साथ,
ये वही लोग होते हैं जो
जिंदगी के कुछ पल पकड़े हाथ,
देखा है मैंने उन सभी
महत्वपूर्ण लोगों को
जिन्हें कहा जाता है कि
सदा साथ निभाएंगे,
पर लोग भूल जाते हैं कि
एक वक्त आते ही आपसे कतराएंगे,
यहां कोई किसी का नहीं,
सबके अपनेपन में
छुपा रहता है स्वार्थ कहीं न कहीं,
कोई आपके उन्नति से
ईर्ष्यावश साथ छोड़ेंगे,
तो कोई आपकी दुर्गति के कारण
आपसे पूरी तरह मुंह मोड़ेंगे,
और कभी कभी तो आपके
मनमस्तिष्क में छा मनोबल तोड़ेंगे,
इस जहां में ऐसा कोई नहीं
जिसे आप अपना कह सकें,
कोई नहीं जिसके बिना आप न रह सकें,
सब दिखावा है,
छलावे से भरा सिर्फ मोह माया है,
यदि सचमुच साथ खड़ा होता है
तो वो होता है विचारधारा,
जो पग पग देता है सहारा,
यदि आप विचार विहीन हैं तो
सिर्फ एक ही है

राजेन्द्र लाहिरी

# स्वास्थ्य सेवा उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर

विजय गर्ग

**वे दिन गए जब** स्वास्थ्य सेवा का तात्पर्य केवल डॉक्टरों और नर्सों से होता था। भारत में तेजी से बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के साथ यह क्षेत्र भी हर दृष्टि से विकास दिखा रहा है। चाहे अस्पतालों का आकार हो या उनके संचालन के लिए आवश्यक विशेषज्ञता, विशेष पाठ्यक्रम विकसित हुए हैं। यदि आप एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहे हैं या चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहते हैं, लेकिन खुद को मरीजों को संभालने में कुशल नहीं पाते हैं, तो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी आपके लिए बहुत सारे अवसर हैं। सुपर-विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। इंजीनियरों की भी जरूरत है. आपने देखा होगा कि अस्पतालों में वैयक्तिकृत ऐप्स होते हैं। इन्हें डिजाइन और रखरखाव के लिए कुशल इंजीनियरों की जरूरत है। यहां, हम आपको स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर के असंख्य अवसरों के बारे में बताएंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी की संभावनाएं और कैरियर के अवसर चिकित्सकः जब हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के बारे में बात करते हैं, तो सबसे पहले एक डॉक्टर की छवि सामने आती है। निस्संदेह, डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा के स्तंभ हैं। आप राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट पास करके डॉक्टर बन सकते हैं। इसके अलावा, आपको अपने इंटरमीडिएट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान का अध्ययन करना होगा। कई प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी हैं जो अपने अलग-अलग टेस्ट कराते हैं। साढ़े चार साल लंबी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप खुद को एक प्रैक्टिशनर के रूप में पंजीकृत करवा सकते हैं। आजकल सुपर स्पेशलिस्ट की मांग है. तो आपके लिए एमडी करना भी बेहतर रहेगा। उच्च डिग्री बेहतर होगी. एक डॉक्टर की नौकरी सबसे अधिक भुगतान वाली नौकरियों में से एक है। सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल सभी उन्हें अच्छा भुगतान करते हैं। डेंटिस्टः दांतों की समस्या तो रहती ही है. और इनसे निपटने के लिए हमें कुशल दंत चिकित्सकों की आवश्यकता है। प्रदूषित पानी, अस्वास्थ्यकर खान-पान और जाहिर तौर पर जीवनशैली में तनाव के कारण दांतों की समस्याएं बढ़ रही हैं। पारंपरिक दंत निष्कर्षण और प्रत्यारोपण के अलावा, अब हमारे पास कॉस्मेटिक दंत चिकित्सा भी है। लोग अपने दांतों की गड़बड़ी को ठीक करने, अपने चेहरे की बनावट में सुधार करने और ऐसे सभी उद्देश्यों के लिए चाकू का सहारा लेना चुनते हैं। डेंटिस्ट बनने के लिए सबसे पहले आपको बीडीएस करना होगा। इसका चयन राष्ट्रव्यापी मेडिकल टेस्ट के माध्यम से किया जाता है। अपने बीडीएस के बाद, आपको उच्च संभावनाओं के लिए उच्च अध्ययन की ओर जाना चाहिए। नर्सः एक नर्स वह होती है जो मरीज के सभी परीक्षण करने और उसके डिस्चार्ज होने तक उसकी देखभाल करने की प्रभारी होती है। उन्हें रक्त निकालते, मूत्र का नमूना एकत्र करते, दवाएँ देते, रोगियों को कुछ तकनीकों जैसे इंसुलिन शॉट लेने आदि के लिए प्रशिक्षित करते देखा जा सकता है।

## विचार

# द्वितीर्थी तीर्थंकर प्राच्य प्रतिमाएँ

डॉ. महेन्द्रकुमार

**द्वितीर्थी** या द्विमूर्तिका से आशय है एक ही शिलाफलक में दो समान आकर की मूर्तियाँ। सबसे सुन्दर द्विमूर्तिका तीर्थंकर प्रतिमा खण्डगिरि की गुफा से मिली है और संप्रति लन्दन (९९) में सुरक्षित है। जिनों की पीठिका पर ऋषभ और सिंह लांछन उत्कीर्ण है। इस प्रकार यह ऋषभ और महावीर की द्वितीर्थी मूर्ति है। ऋषभ जटामुकुट से शोभित है पर महावीर के केशों की रचना गुच्छकों (कुंचित केश) के रूप प्रदर्शित है। खजुराहो और देवगढ़ में भी कुछ द्वितीर्थी प्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं। शिवपुरी संग्रहालय में एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रदर्शित है। रायपुर म्यूजियम में एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रदर्शित है जो जो तीर्थंकर अजितनाथ और संभवनाथ की प्रतिमाएँ हैं। एक द्वितीर्थी प्रतिमा प्रिंस ऑफ बेल्स संग्रहालय में संरक्षित है, जिसमें एक प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ और द्वितीय चौबीसवें तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा है। ऐसीं द्वितीर्थी जिन मूर्तियों के किसी प्रकार के उल्लेख प्रतिमाशास्त्रों में मूर्तिनिर्माण संबंधी जैन ग्रन्थों में नहीं मिले हैं। इन मूर्तियों का निर्माण नवी से बारहवीं शती ई. के मध्य हुआ माना जाता है। तीन द्विमूर्तिका प्रतिमाएँ गन्धर्वपुरी (देवास) म. प्र. के स्थानीय राजकीय संग्रहालय में संग्रहीत है। ये प्रतिमाएँ अन्यत्र से भिन्न व अनूठी हैं।

**प्रथम द्विमूर्तिका प्रतिमा**-दो तीर्थंकर प्रतिमाएँ एक बलुआ पत्थर के शिलाखण्ड में निर्मित हैं। ये समपादासन में कायोत्सर्गासनस्थ हैं। पूर्ण पादपीठ अदृष्ट होने से लांछन या शासनदेव-देवी की जानकारी नहीं हो पाती है, इस कारण ये किन तीर्थंकरों की मूर्तियां हैं, यह निर्णीत नहीं हो पाता है। दोनों प्रतिमाओं के अलग-अलग चॅवरवाहक हैं। एक प्रतिमा के चॅवरी के चॅवर ढुराने वाले हाथ ऊपर की ओर हैं तो दूसरी प्रतिमा के चॅवरवाहकों ने चॅवर ढुराते हुए हाथों को वक्ष के पास किया हुआ है। इन तीर्थंकर प्रतिमाओं की हथेलियों पर चक्र उत्कीर्णित हैं। पाषाण क्षरित हो जाने से श्रीवत्स चिह्न के मात्र निशान रह गये हैं। कुंचित केश, उष्णीस और प्रभावल दोनों के समान हैं। इसका वितान महत्वपूर्ण था जो खण्डित हो गया है। किन्तु शीर्ष पर एक पद्मासन लघुजिन और उनके दोनों ओर एक-एक कायोत्सर्ग लघु जिन मूर्तियां दृष्ट हैं।

**द्वितीय द्विमूर्तिका प्रतिमा**- यह द्विमूर्तिका भी सपरिकर है। घुटनों से नीचे का भाग खण्डित और अप्राप्त होने पर भी मध्य, और ऊर्ध्व भाग का परिकर देखा जा सकता है। इस द्विमूर्तिका के तीर्थंकरों के बाह्य भाग के किनारों पर तीन-तीन पद्मासनस्थ लघुजिन प्रतिमायें उत्कीर्णित हैं। भग्न भाग में लघु जिन प्रतिमाएं कितनी रहीं होंगी, कहा नहीं जा सकता। चॅवरधारी, माल्यवाहक-युगल, प्रभावल, उष्णीष, छत्रत्रय, मृदंगवादक देव और छत्रत्रय के दोनों ओर गजलक्ष्मी के हाथी दशार्ये गये हैं। ये परिकर दोनों प्रतिमाओं के अलग-अलग हैं। इनमें यह विशेषता है कि दोनों के केश कुण्डल्याकार में स्कंधों पर लटकते हुए दशार्ये गये हैं। प्रायः ऋषभनाथ की प्रतिमाओं में स्कंधों पर केश-लटिकाएँ दशार्ने की परम्परा रही है, किन्तु अन्य तीर्थंकरों के स्कंधों पर केश-लटें दशार्ये जाने के भी अनेकों उदाहरण हैं। इसलिए इन्हें केवल स्कंधावलम्बित केश-लटिकाओं के आधार पर ऋषभदेव की प्रतिमाएं घोषित नहीं किया जा सकता। सम्भावना यह है कि दोनों प्रतिमाएँ भिन्न-भिन्न तीर्थंकरों की होंगी।

**तृतीय द्विमूर्तिका प्रतिमा**-यह द्विमूर्तिका संभवतः लाने में खण्डित हो गई होगी, क्योंकि इसके अन्य खण्डित स्थानों की अपेक्षा शिला के दो भागों में टूटने के निशान अपेक्षाकृत नवीन हैं। गंधर्वपुरी के स्थानीय राजकीय संग्रहालय में इसके दोनों भाग पास-पास में रखे गये हैं। चित्र में हमने दनों भागों को मिलाकर एक दशार्या है। इस द्विमूर्तिका का सबसे ऊपर का शिलाखण्ड खण्डित और अप्राप्त है। इस द्विमूर्तिका में भी चॅवरधारी, माल्यवाहक, छत्रत्रय, मृदंगवादक एकल - एकल देव और छत्रत्रय के दोनों ओर गजलक्ष्मी के गज सामान्य रूप से उत्कीर्णित हैं। इसमें विशेषता है कि दोनों प्रतिमाओं के किनारे की ओर के हाथ की कुहनी की बराबरी पर एक एक अंजलिबद्ध आराधक है और दोनों मुख्य प्रतिमाओं के मध्य एक कायोत्सर्ग लघु जिन उत्कीर्णित हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# ईरान-इजराइल संघर्ष में भारत का दांव

रवि रंजन

**भारत ने** एक बयान जारी कर शत्रुता बढ़ने पर भारत की गंभीर चिंता व्यक्त की और तत्काल तनाव कम करने का आान किया। ईरान ने ऑपरेशन टू प्रॉमिस (जिसे ऑपरेशन ऑनेस्ट प्रॉमिस भी कहा जाता है) के तहत इजराइल के खिलाफ ड्रोन और क्रूज मिसाइलें लॉन्च कीं थी । इजराइल में लगभग 18,000 भारतीय और ईरान में लगभग 5,000-10,000 भारतीय हैं, लगभग 90 लाख लोग खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। कोई भी संघर्ष जो फैलता है वह इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए खतरा पैदा कर देगा । पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की 80 प्रतिशत तेल आपूर्ति में योगदान देता है, जिस पर संभावित संघर्ष का प्रभाव पड़ेगा। भारत रियायती कीमतों पर रूसी तेल खरीदकर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में सक्षम है, लेकिन इस संघर्ष का ऊर्जा कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारत ने प्रमुख अरब देशों, ईरान और इजराइल के साथ रणनीतिक संबंधों में निवेश किया है। भारत इस क्षेत्र को अपने विस्तारित पड़ोस के रूप में देखता है, और यह भारत-मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर जोर दे रहा है, जिसके रणनीतिक और आर्थिक लाभ भी हैं। ईरान में चाबहार एक और रणनीतिक आर्थिक परियोजना है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है - क्योंकि पाकिस्तान भारतीय वस्तुओं के लिए भूमि पारगमन से इनकार करता है। इजराइल के साथ रक्षा संबंध में भारत के इजराइल के साथ बहुत गहरे रणनीतिक संबंध हैं, खासकर रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में । पहले भारत को इजरायल का पक्ष लेते हुए देखा जाता था, लेकिन आज संयम बरतने की अपील करने वाली उसकी स्थिति को संतुलित और क्षेत्रीय शांति के पक्ष में देखा जाएगा। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम करने का भारत का आान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के ईरान और इजराइल दोनों के साथ रणनीतिक संबंध हैं - और दशकों से, यह दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाने में सक्षम रहा है। लेकिन अगर टकराव बढ़ता है तो उसके लिए दुविधापूर्ण स्थिति बनाए रखना मुश्किल होगा।

# एआई का नशा ए माई

सूर्यदीप कुशवाहा

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** (एआई) हमारी डेली लाइफ में कॉमन हो गए हैं। याद रखें,कॉमन चीजें पसंद बाद में नहीं आती हैं। मनुष्य इसलिए आबाद है। जैसे क्रिकेट में नाबाद बड़ी पूछ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर विज्ञान का क्षेत्र है। इसकी भी रौबदार मुछ है। विभिन्न स्त्रोतों से बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर फेटता है। यह नई तकनीक जैसे नई शौखिनी खलित्ता में गाजर है। सबकी नजर में है।आजकल साहित्यिक जगत एआई तकनीक से कलमकार बहुत प्रभावित हैं। फेसबुकिया जगत में रुझान आने शुरू हैं। झउआभर एआई फोटो रोज पोस्ट हो रहे हैं। अब लिखने से ज्यादा एआई फोटो चेपे जा रहे हैं।अयोध्याधाम में माता सीता, प्रभु श्रीराम और भोलेनाथ बनकर ईश्वरीय वैभव पान कर रहे हैं। स्वर्ग में लेखक-लेखिका गोता लगा रहे हैं। यह कलयुग का अद्भुत चमत्कार है। एआई को नमस्कार है। कलमकार वीडियो और छवियों से एआई अंतर्दृष्टि का उपयोग कर महान बनता है। कंप्यूटर विजन का उपयोग करके, वह छवियों को ठीक वैसे ही समझ सकता है जैसे कोई मूर्धन्य कलमकार समझता है। ऊपर से स्व-चालित है। सुंदरता किसे नहीं सुहाती है? कवि तो सुंदरता पर ही मोहित है। एआई के गलत होने का एक कुख्यात उदाहरण वीडियो या फोटो से छेड़छाड़ सामने आ रहा है। समाज में छेड़छाड़ दंडनीय है। चप्पल खाना सड़कछाप रोमियों का विशेषाधिकार है। यह अधिकार उनसे कोई नहीं छीन सकता है। अरे भई! अपनी पत्नी को समझने में पूरी जिन्दगी व्यतीत हो जाती है, फिर भी समझ कहां आती है। यह एआई है और इसको तुरंत समझना चाहते हो। इस मशीन का दूसरे की पत्नी जैसी कोई समानता हो तो इसको मात्र संयोग माना जाए। इसकी सोचने की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी तरह से मिलती-जुलती है। इसलिए पत्नी-शैली की भावनाएं एआई में भी दिखती है। बेचारा परहित के चक्कर में बेलन से पिटता है।

हमारी दुनिया में जहां प्रगति तेजी से हमारे रहने, काम करने और सोचने के तरीके को बदल रही है। यह सवाल कि क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कभी हमारी रचनात्मकता से मेल खा सकती है? पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होती जा रही है।

# करेला रक्त शोधक व डायबिटीज में फायदेमंद



**करेला** अपने आप में एक औषधि है। करेला खाने या उसका जूस पीने से आपके स्वास्थ्य में काफी फायदा होता है। यह आपका खून से लेकर लिवर तक ठीक रखता है। करेला चिकित्सकीय औषधियों में भी काम में लाया जाता है, हालांकि यह टेस्ट में कड़वा और आंखों को नहीं सुहाता है। लेकिन रोजाना एक गिलास करेले का जूस पीने से बहुत सी समस्याएं दूर होती हैं। कच्चे करेले का जूस बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें सभी जरूरी विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कि शरीर को चाहिए।

**करेले के फायदे-**

**1. ब्लड शुगर लेवल को कम करता है :** शुगर को नियंत्रित करने के लिए आप तीन दिन तक खाली पेट सुबह करेले का जूस ले सकते हैं। मोर्मसडीन और चैराटिन जैसे एंटी-हाइपर ग्लेसेमिक तत्वों के कारण करेले का जूस ब्लड शुगर लेवल को मांसपेशियों में संचारित करने में मदद करता है।

**2. बीजों में पॉलीपेप्टाइड-पी :** इसके बीजों में पॉलीपेप्टाइड-पी होता है जो कि इंसुलिन को काम में लेकर डायबिटीज रोगियों में शुगर लेवल को कम करता है।

**3. भूख बढ़ाता है :** भूख नहीं लगने से शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता है, जिससे कि स्वास्थ्य से संबंधित परेशानियां होती हैं। इसलिए करेले के जूस को रोजाना पीने से पाचन क्रिया सही रहती है जिससे भूख बढ़ती है।

**4. अग्नाशय के कैंसर के उपचार में उपयोगी:** रोजाना एक गिलास करेले का जूस पीने से अग्नाशय का कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं नष्ट होती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि करेले में मौजूद एंटी-कैंसर



कॉम्पोनेंट्स अग्नाशय का कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं में ग्लूकोस का पाचन रोक देते हैं, जिससे इन कोशिकाओं की शक्ति खत्म हो जाती हैं और ये भी खत्म हो जाती हैं।

**5. सोराइसिस के लक्षणों को दूर करता है:** एक कप करेले के जूस में एक चम्मच नींबू का जूस मिला लें। इस मिश्रण का खाली पेट सेवन करें। तीन से छह महीनें तक इसका सेवन करने से त्वचा पर सोराइसिस के लक्षण दूर होते हैं। यह आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है और सोराइसिस को प्राकृतिक रूप से ठीक करने में मदद करता है।

**6. लीवर से विषैले पदार्थ निकालता है:** रोजाना एक गिलास करेले का जूस पीने से लिवर मजबूत होता है क्योंकि यह पीलिया जैसी बीमारियों को दूर रखता है। साथ ही यह लिवर से जहरीले पदार्थों को निकालता है और पोषण प्रदान करता है जिससे लिवर सही काम करता है और लिवर की बीमारियां दूर रहती हैं।

**7. पाचन शक्ति बढ़ाता है:** करेले का जूस कमजोर पाचन तंत्र को सुधारता है और अपच को दूर करता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह एसिड के स्त्रव को बढ़ाता है जिससे पाचन शक्ति बढ़ती है। इसलिए अच्छी पाचन क्षमता के लिए सप्ताह में एक बार सुबह करेले का जूस जरूर लें।

**8. आंखों की रौशनी बढ़ाता है:** लगातार करेले के जूस का सेवन कर आप विभिन्न दृष्टि दोषों को दूर कर सकते हैं। करेले में बीटा-कैरोटीन और विटामिन 'ए' की अधिकता होती है, जिससे दृष्टि ठीक होती है। इसके अलावा इसमें उपस्थित विटामिन 'सी' और एंटी-ऑक्सीडेंट्स, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से होने वाली नजरों की कमजोरी से बचाता है।

**9. ब्लड साफ करता है :** करेले का जूस शरीर में एक प्राकृतिक रक्त शोधक के रूप में कार्य करता है। यह जहरीले तत्वों को बाहर निकालता है और फ्री रेडिकल्स से हुए नुकसान से बचाता है। इसलिए ब्लड को साफ करने और मुहासों जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए रोज एक गिलास करेले का जूस जरूर पिएं।

# चेहरे की रौनक बढ़ाता है सेंधा नमक

**हमारी** त्वचा को ज्यादा ताजगी की जरूरत होती है यदि ताजा ऑक्सिजन नहीं मिलेगी तो आपकी त्वचा पर दाग धब्बे दिखने लगेंगे और त्वचा काली व डेड होने लगती है। ज्यादा कील-मुहांसों व दाग-धब्बों की वजह से लोग परेशान हो जाते हैं। पर अब चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि अब आ गया है ऐसा घरेलू उपाय जिससे आपकी त्वचा दाग-धब्बे रहित हो जाएगी और आपका चेहरा दमक उठेगा। सेंधा नमक से आपकी त्वचा को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचेगा साथ ही इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की डेड स्किन भी निकल जाएंगी।

सेंधा नमक पूर्ण रूप से नेचुरल होता है। इसे आप स्क्रब के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। सेंधा नमक के इस्तेमाल से आप स्किन संबंधी कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं। समय-समय पर स्क्रब करते रहना अच्छा है पर इसका सही तरीका भी पता होना जरूरी है। पहली बात हर स्क्रब न करें ये आपके चेहरे के लिए खतरनाक हो सकता है और आपके चेहरे का नेचुरल ग्लो भी खत्म हो सकता है। हलके हाथों से चेहरे पर गोलाई में स्क्रब लगाएं और उसे रब करें। इस बात का खासकर ध्यान रखें की स्क्रब ज्याद ड्राई न हो इसके लिए समय-समय पर पानी की या गुलाब जल की कुछ बूंदें डालकर चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें ऐसे करने से आपके चेहरे को कोई हानि नहीं पहुंचेगी और आपका चेहरा साफ भी हो जाएगा।

**सेंधा नमक और शहद :** सेंधा नमक को शहद के साथ इस्तेमाल कर निखरी त्वचा के साथ साफ स्किन पा सकते हैं। इसके लिए थोड़ा सेंधा नमक लें और उसमें कुछ बूंदे शहद की डालें और अच्छी तरह से इसका पेस्ट बना लें। फिर इसे आप अपने चेहरे पर लगाएं और सुख जाने के बाद साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से आपके चेहरे के टैनिंग दूर हो जाएंगे। इसका उपयोग आप सप्ताह में दो या तीन बार करें।

**सेंधा नमक व बादाम का तेल :** अगर आपके चेहरे की स्किन ड्राई है, तो सेंधा नमक और बादाम का तेल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। बादाम के तेल के अलावा आप जैतून का तेल भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे अपने चेहरे में ठीक ढंग से लगाएं। थोड़ी देर लगे रहने के बाद साफ पानी से धो लें।

**सेंधा नमक और नींबू :** अगर आपके चेहरे में मुंहासे, डेड स्किन, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स हैं तो इसकी मदद से आसानी से साफ हो जाएंगे। इसके लिए एक बाउल में सेंधा नमक लें और उसमें कुछ बूंदे नींबू के रस को मिलाएं और इसके अपने चेहरे में गोलाई में घुमाकर लगाएं। एक सप्ताह में दो बार इस स्क्रब का इस्तेमाल करें।

**सेंधा नमक व ओटमील :** अगर आपकी स्किन ऑइली है तो यह काफी फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए एक बाउल में सेंधा नमक और ओटमील डालकर अच्छी तरह से मिला लें। साथ ही इसमें नींबू का रस और बादाम का तेल भी मिला लें। फिर इस स्क्रब को अपने चेहरे में हल्के से लगा लें। और फिर गुनगुने पानी से धो लें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह होगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवहारिक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उत्कर्ष की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पत्ति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापन पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती है। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी कुचक्र होगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिन्तन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर होगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर होगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। परिजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार में स्थिति उत्तम होगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

चार व्यक्तियों को अदालत में पेश किया गया. इल्जाम था कि वे पार्क में बैठे जुआ खेल रहे थे. जज ने बारी-बारी से उनसे पूछा. पहले ने कहा, मैं उस दिन यहां था ही नहीं. सबूत के तौर पर अपने ट्रेवल एजेंट से रेल टिकट की रसीद दे सकता हूं.

दूसरा बोला - 'उस दिन मैं घर पर बुखार में पड़ा था. डॉक्टर का सर्टीफिकेट पेश कर सकता हूं.'

तीसरे का जवाब था, 'मैंने आज तक कभी जुआ नहीं खेला, ताश को हाथ तक नहीं लगाया.'

चौथा चुपचाप खड़ा रहा.

उससे पूछा, और तुम भी जुआ नहीं खेल रहे थे?

वह बोला, जी मैं अकेला जुआ कैसे खेल सकता हूं.

☺ ☺ ☺

दूध वाला- बीबी जी, कल से दूध पचास पैसे महंगा हो जायेगा.

महिला - क्यों, दूध के दाम क्यों बढ़ा रहे हो?

दूध वाला - क्योंकि मुझे भी अब पानी का बिल भरना पड़ता है.

☺ ☺ ☺

शराबी (अजय से ) - शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है.

अजय - नहीं , आप गलत कह रहे है.

शराबी- क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग नहीं मरे थे क्या?

## काकुरो पहेली - 4027

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1 2 3 4 6

5+6+7+8+9=35

4+6+7+8+9=34

5+7+8+9=29

6+7+8+9=30

काकुरो -4026 का हल

## फिल्म वर्ग पहेली- 4027

**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'नागिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नीता की फिल्म-४
५. ऋषिकपूर, शत्रुघ्न, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. सलमान, रम्भा की 'बाहों की भूल' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, ईशा, रिम्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल धूम धूम नैनो' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय की फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'मारे पे नमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अक्षय गोविंदा, शाहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नवीन, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क ने दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरुख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, शोगिता की एक फिल्म-४
६. नीतेश, कमीना की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'नंगई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4026

## सूडोकु -4027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4026 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली -4027

**बाएं से दाएं**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पश्चाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.धार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा कस्बा, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूत, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली 4026 का हल

## न्यूज फ्लैश

### जैंत के जंगल में डिमांड पर तैयार हो रहे थे तमंचे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस की कहानी पर विश्वास करें तो लोकसभा चुनाव के चलते जैंत क्षेत्र के जंगल में डिमांड पर अवैध तमंचा बनाने का काम हो रहा था।

थाना जैंत पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए अवैध शस्त्र बनाने वाले दो शातिर अभियुक्त को 12 अवैध निर्मित तमंचा व एक इकनाली बन्दूक, 23 जिंदा कारतूस, आठ खोखा कारतूस एवं अर्धनिर्मित अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा ने बताया कि चौकी आझई की बडी आटस के चामड़ माता मन्दिर के पीछे सड़क से करीब 200 मीटर दूर जंगल में बनी कोठरी के पास से अभियुक्त मनीष उर्फ मानवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी मइ पूरना थाना इगलास जिला अलीगढ हाल निवासी ग्राम कोटा थाना जैत जनपद मथुरा व कमल उर्फ गुल्ला पुत्र पप्पू निवासी जयसिंहपुरा गणेश टीला कमोली वाली धर्मशाला थाना गोविन्दनगर मथुरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दोनो अपने साथी अकरम पुत्र खिल्लू निवासी गोंदा आटस थाना जैंत जनपद मथुरा के साथ मिलकर नये तमंचे बनाते हैं व खराब तमंचों की मरम्मत करते हैं। शस्त्र बेचने का काम अकरम पुत्र खिल्लू करता है और अकरम ही हम लोगों को हिस्से के पैसे देता है। जिससे हम अपने परिवार का खर्चा चलाते हैं। ये लोग जंगल में जगह बदल कर रात के समय तमंचा बनाने का कार्य कर रहे थे। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अजय वर्मा थाना जैंत, एसआई मोहित मलिक थाना जैत, एसआई कमल सिह थाना जैंत, एसआई मोमराज थाना जैंत, एसआई छन्नूलाल थाना जैंत आदि थे।

### अष्टमी पर घर घर में हुआ कन्याओं का हुआ पूजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मां भगवती की विशेष पूजा की गई। इस दिन भक्तों ने अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराया उनके चरण स्पर्श कर मन्नत मांगी। विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। पूजा अर्चना से शहर और गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंगलवार को चौत्र नवरात्रि की अष्टमी को सुबह से ही घरों में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के आठवें स्वरूप में मां महागौरी की पूजा की। कुछ लोग मंदिरों में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का पारायण कर कन्याओं को भोजन कराया। सुबह से ही जगह-जगह वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन यज्ञ शुरू हो गए। कई जगहों पर कन्या भोजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें नौ कन्याओं के पैर धोकर, उनके मस्तक पर रोली चावल से टीका लगाया। हाथ में मौली धागा बांध पुष्पमाला पहनाकर चुनरी ओढाई। बाद में भोजन में हलवा-पूरी, चना, मीठा आदि खिलाकर चरण स्पर्श किया गया। रात्रि में मां पथवारी देवी मेला कमेटी द्वारा थाना रोड ब्राह्मण धर्मशाला से मां महागौरी की सवारी निकाली गई। मां भगवती मंदिर और मां पथवारी देवी मंदिर पर भव्य फूल-बंगला का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक मंदिरों में दर्शन के लिए भीड उमडती रही।

### हिसार : पुराने विवाद में समझौता करने आए युवक को गली में खींचकर पीटा

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

हिसार कैंट से पुराने विवाद में समझौता करके समाप्त करने आए युवक पर हमला कर उसे घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। समझौता करने आए युवक ने हमलावर युवकों से बचने के लिए भाग कर पड़ोसी के घर में घुसकर बचने का प्रयास किया परंतु हमलावरों ने उसे घर से बाहर निकाल गली में ले जाकर पिटाई कर डाली।

हमलावर युवकों की पिटाई में वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों डायल 112 पर फोन कर पुलिस को युवक की पिटाई की सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची पुलिस टीम को आते देख हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। घायल युवक को डायल 112 की टीम ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।शहर थाना पुलिस ने घायल हिसार कैंट निवासी विक्रम की शिकायत पर सांई कालोनी निवासी रोबिन सहित 4-5 अन्य पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विक्रम ने बताया कि हांसी की साई कालोनी निवासी रोबिन के साथ उसका किसी बात को लेकर पुराना मतभेद चल रहा था। उसी मतभेद को दूर करके वह समझौता करने के लिए सांई कालोनी आया था। जैसे वह सांई कालोनी स्थित रोबिन के घर पहुंचा तो वहां मौजूद रोबिन व चार पांच अन्य युवकों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। विक्रम ने बताया कि उसने किसी तरह रोबिन के घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई और पड़ोसी के घर में छुप गया लेकिन एक युवक उसका पीछा करता हुआ वहां आया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बाहर ले आया।

# उपायुक्त ने सडक सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बैठक**

**8 -प्राइवेट स्कूलों के बस चालकों की काउंसलिंग के लिए बनाई कमेटी, सीटीएम होंगे नोडल अधिकारी**



लघु सचिवालय के सभागार में जिला के विभिन्न प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ बैठक करते उपायुक्त राहुल

**फतेहाबाद, 16 अप्रैल, महेंद्र गोयल/टीम एक्शन इंडिया**

लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला के विभिन्न स्कूल संचालकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने स्कूल संचालकों को सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक अपने-अपने स्कूल के वाहनों में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के सभी नियमों की पालना करें। पॉलिसी के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। उन्होंने सभी प्राइवेट और सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली वाहनों में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल संचालक 17, 20, 21, 27 व 28 अप्रैल को आरटीए कार्यालय जाकर स्कूल बसों से संबंधित सभी दस्तावेज व अन्य कार्यों को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। बसों को सडक पर चेक नहीं किया जाएगा। इस बारे प्रशासन द्वारा शैड्यूल भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में बस चालकों व सहायक की काउंसलिंग करवाई जाएगी, इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी के नगराधीश नोडल अधिकारी होंगे। कमेटी में प्रशासन के अधिकारियों व प्राइवेट स्कूल के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्कूल बस चालकों की हर 15 दिन के बाद काउंसलिंग करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक अपने स्तर पर भी चालकों की काउंसलिंग करना सुनिश्चित करें। अगर कोई बस चालक शराब का सेवन किए हुए हो तो उस की सूचना तुरंत प्रशासन को उपलब्ध करवाए। उपायुक्त ने कहा कि आगामी समय में जिला में संचालित प्ले स्कूलों व एकेडमी संचालकों की भी प्रशासन के साथ बैठक आयोजित की जाएगी और बच्चों की सुरक्षा के संबंध में उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उपायुक्त ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक बने और प्राइवेट वाहन जैसे ऑटो आदि में ना बैठाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्राइवेट स्कूल संचालकों से सुझाव भी लिए।

स्कूल संचालकों ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि वे प्रशासन के साथ है और उनका हरसंभव सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया सहित जिला के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य व संचालक मौजूद रहे।

## हेमा मालिनी ने राया में की जनसभा




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने राया में चुनावी सभा को संबोधित कर पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि गिना कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राया को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बाईपास निर्माण कराया जा रहा है। इससे पूर्व सभा को संबोधित करते हुए बल्देव विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि मोदी योगी की जोड़ी ने देश और प्रदेश में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है। निरंतर सड़को के जाल विछाये जा रहे हैं। पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन कृष्णकांत अग्रवाल,जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौधरी,जिला पंचायत सदस्य सत्यपाल चौधरी,अपना दल के जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह ने मंच से हेमा मालिनी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान मनीषा पाराशर, मंडल अध्यक्ष राकेश बंसल,निहाल सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,पंकज प्रकाश,तरुण प्रकाश,अंकुर देवा प्रधान,नीतेश पाठक प्रतुल गंगल,मोनू शर्मा,चंद्रप्रकाश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल ,मेमवीर, रामप्रकाश शर्मा,शिवानी चौधरी,उमा अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।

## स्कूटी सवारों ने महिला से छीना बैग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन मथुरा मार्ग पर वात्सल्य ग्राम के समीप बाइक सवारों ने बेटे के साथ मथुरा की ओर जा रही स्कूटी सवार महिला का बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित हो गई और मां बेटे जमीन पर जा गिरे। इसके बाद बाइकसवार महिला का बैग छीनकर भाग खड़े हुए। राहगीरों ने घायल अवस्था में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। बैरागपुरा की गली नंबर तीन निवासी पूजा त्यागी वृंदावन से अपने बेटे के साथ स्कूटी से मथुरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान 15 बाइक से आए शातिरों ने पहले तो पूजा के कंधे पर लटके बैग को छीनने की कोशिश की। बैग तो नहीं छीन सके लेकिन, स्कूटी अनियंत्रित होने से पूजा और उसका बेटा जमीन प रजा गिरे।

## कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि का दौरा



**हिसारः 16 अप्रैल, महेंद्र गोयल/टीम एक्शन इंडिया**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई।

## हवाई वाहवाही लूटने में गुजार दिये दस सालः बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह

**प्रचार अभियान**

**8 -बाहरी प्रत्याशी समझ ही नहीं पाए मथुरा की जरूरतें: बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा है कि जनपद में 65 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र मानव संसाधन की बेहद कमी से जूझ रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। विकास की हालत यह है कि जिले में चार लाख परिवार हर महीने सरकारी राशन का इंतजार करते हैं। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। हर क्षेत्र में निराशा का माहौल है। यह निराशा लगातार गहरा रही है और माहौल बिगड रहा है। देष और प्रदेष की सत्ता में बैठी संस्कारी पार्टी ने हालात यह बना दिये हैं कि हर महीने करीब 100 करोड़ की शराब मथुरा जनपद में लोग पी जाते हैं। जिससे सरकार को करीब 65 करोड़ का राजस्व मिलता है। शराब की कमाई और जनता के शोषण से धन काम कर हाइवे बनवा रहे हैं और फिर टोल टैक्स से वसूली कर रहे हैं। इन हाईवे पर जितने का ईंधन नहीं फुंकता उससे ज्यादा का टोल लग जाता है। यह हाईवे गरीब जनता के चलने के लिए नहीं है, जबकि कहने वाले कह रहे हैं कि विकास हो रहा है। जहां कभी दूध दही की प्रचुरता रहती थी वहां अब लोग शराब के नशे में डूबे हैं। तनाव में झगड़े हो रहे हैं और परिवार बिखर रहे हैं। युवा तनाव में है और सरकार रोजगार देने की बजाय तनाव कम करने के टिप्स दे रही है। बाहरी प्रत्याशी आये और चुनाव भी जीत गये लेकिन वह स्थानीय जरूरतों को समझ ही नहीं सके। इस बार हमारे जनप्रतिनिधि ने हवाई वाहवाही लूटने में 10 साल गुजार दिये। इनकी समझ का आलम यह है कि जिस यमुना में गर्मी के मौसम में नाव चलाने के लिए भी ठीक से पानी नहीं रहता है, वहां क्रूज लाकर खडा कर दिया है। हमारे जनप्रतिनिधियों ने मथुरा में इस मुंहावरे पर मुहर लगा दी कि रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था।

बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह मंगलवार को राया क्षेत्र में प्रचार अभियान के दौरान लोगों से जनसंपर्क कर रहे थे। राया के चौधरी हॉस्पिटल पर बसपा प्रत्याशी का चांदी का मुकुट पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। गांव गजू प्रधान नवाब सिंह ने स्वागत किया।

## मैंटीनेंस कार्य से हो रही बिजली कटौती, किसान परेशान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाकियू चढूनी के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीओ संजय कुमार से मिलकर बिजली कटौती के मुद्दे पर आक्रोश जताया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि बिजली कटौती से जायद की फसल पर संकट खड़ा हो गया है। खेतों में उर्द, मूंग, तरबूज व चारे आदि की फसल खड़ी हैं। सूर्य निकलते ही इन फसलों की पत्तियां मुरझा रही हैं लेकिन बिजली कटौती के कारण फसलों में किसान पानी नहीं दे पा रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, जिला अध्यक्ष संजय पराशर, बिल्ला सिंह सिकरवार, डा राधेश्याम, कुंतभोज रावत ने एसडीओ से कहा कि बिजली विभाग सुबह नौ बजे तक और शाम को छह बजे के बाद लाइन मेंटेनेंस का काम कर सकता है। दिन में किसानों की सूख रहीं फसलों की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रेम सिंह सिकरवार, ओमवीर मास्टर ने कहा कि रजवाहों में उड़ती धूल किसानों को मुंह चिढ़ा रही है। रवी की फसलों में पहले सही किसान नुकसान झेल रहा है। अब जायद की फसल पर भी संकट दिखाई पड़ने लगा है। मंहगे डीजल के कारण किसान निजी नलकूपों से सिंचाई नहीं कर पा रहे। पानी के अभाव में फसलें चौपट हो जाएंगी। हीरो काका, डा. सतीश चन्द्र, हरिपाल सिंह परिहार ने कहा कि पानी की कमी से किसान एक ही फसल करता है, थोड़ी बहुत खेती करें भी तो पानी की गम्भीर समस्या है। किसान को न तो बिजली मिल रही है और न नहर बंबों में पानी है। लोगों की पूरी दिनचर्या खराब होकर रह गई है। छोटे बच्चे, महिला और बुजुर्गों को भारी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इनवर्ट फेल हो गए हैं।

## मंडियों में लगे गेहूं के ढेर, उठान धीमा

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

अनाज मंडी अलेवा में भले ही जिला प्रशासन द्वारा गेहूं की खरीद के लिए दो सरकारी एजेंसी निर्धारित कर गेहूं की सरकारी खरीद कराई जा रही होए लेकिन सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा मंडी में खरीदे गए गेहूं के बैगों की लिफ्टिंग का कार्य धीमी गति से कराए जाने से गेहूं के बैगों के ढ़ेर लगे हुए है। इससे किसानों व आढ़तियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी के रिकार्ड के अनुसार मंगलवार तक मंडी में दो लाख पांच हजार क्विंटल गेहूं की फसल किसानों द्वारा बेचने के लिए लाई गई है।

इनमें से जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई सरकारी एजेंसी वेयर हाउस द्वारा 62 हजार क्विंटल एक लाख 24 हजार बैग व हैफेड द्वारा 78 हजार क्विंटल एक लाख 56 हजार समेत गेहूं के 2 लाख 80 हजार बैगों की खरीद की गई है।

## गुरुग्राम की सुमन यादव ने यूपीएससी में पाया 170वां रैंक

**प्रचार अभियान**

**8 -10वीं तक सुचेता मेमोरियल स्कूल में पढ़ी, 11वीं, 12वीं सूरज स्कूल जमालपुर से की**



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा।

सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सुमन के मुताबिक उन्होंने पहली से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम के सुचेता मेमोरियल पब्लिक स्कूल से की है। इसके बाद 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई जमालपुर गांव में सूरज पब्लिक स्कूल से की। स्कूल शिक्षा पूरी होने के बाद उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की। बीएससी के बाद ही उसने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की।

सुमन यादव के पिता बलवान सिंह यादव का कहना है कि बेटी की इस कामयाबी ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। बेटियों को पढ़ाना हमारे समाज का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस संदेश के साथ उन्होंने बेटियों को आगे बढ़ाते रहने की प्रेरणा समाज को दी। उन्होंने कहा कि सुमन ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है। हर बच्चा सुमन की तरह ही कठिन मेहनत करके जीवन में एक लक्ष्य बनाए। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## कलाकारों ने किया विद्यार्थियों को मतदान करने के प्रति जागरूक

**अभियान**

**8 पात्र युवाओं के वोट बनवाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हुआ है।**



**फतेहाबाद, 16 अप्रैल, महेंद्र गोयल/टीम एक्शन इंडिया**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पात्र युवाओं के वोट बनवाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इसके लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले द्वारा भजनों, रागनियों व प्रेरक गीतों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोट करने बारे जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल का कहना है कि वोट की ताकत को हर व्यक्ति जाने और अपना मत का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने आह्वान किया कि नागरिक बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के क्षेत्रीय प्रचार अमले ने गांव मोहम्मदपुर रोही व झलनियां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, धांगड़ में विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने बारे जागरूक किया। कलाकारों ने प्रेरक गीतों के माध्यम से छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान करके प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में भागीदार बनें। सभी मतदाता स्वतंत्र व बिना किसी भय व डर के अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलाकारों ने बताया कि संविधान में वर्णित अधिकारों में मताधिकार का विशेष महत्व है। मताधिकार हम सबको देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने का अहसास कराता है।

ऐसे में इस बार अपना वोट तो डाले साथ ही अन्य मतदाताओं को मताधिकार के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जो विद्यार्थी 18 साल की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे आगामी 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा लें।

इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार, दिनेश कुमार, नीरज, दर्पण, सुनील कुमार, ज्योति स्वरूप, संजीव, महावीर, लोकेश लूथरा, इशु मोंगा आदि मौजूद रहे।

## मथुरा गोवर्धन मार्ग पर सड़क हादसे में दो की मौत, एक की हालत गंभीर



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गोवर्धन रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं एक की हालात गंभीर है। घटना से गांव में मातम छा गया। मथुरा गोवर्धन रोड पर उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब एक बाइक पर सवार दो युवक व एक किशोर के साथ सरसों की पिलाई कराने के लिए अड़ींग बाजार जा रहे थे। बाइक सवार युवकों को मथुरा गोवर्धन मार्ग पर अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में राहुल और लक्ष्य निवासीगण पाली ब्रह्माणन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोपाल को गंभीर हालात में उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं घटना की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुँच गयी साथ ही खबर लिखें जाने तक परिवारीजन शवों का पोस्टमार्टम कराने से मना करते नजर आएं।

## कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी
नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल नहीं किया है।




इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.70 डॉलर यानी 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ 90.80 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.72 डॉलर यानी 0.84 फीसदी उछलकर 86.13 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## चुनौतियों के बीच कुल निर्यात बढ़ना अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत : फियो

नई दिल्ली। भारत में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फियो ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के वस्तु एवं सेवा निर्यात में 2023-24 के दौरान कुल मिला कर जो वृद्धि दिखी है वह देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दर्शाती है। फियो ने निर्यात कारोबार की मजबूती बनाए रखने के लिए पश्चिम एशिया के तनाव के बीच समुद्री खेप की बीमा सुविधा और जहाजों के किराए में वृद्धि को तर्कसंगत रखने की जरूरत पर बल दिया है।

## रुपया छह पैसे गिरा




मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे गिरकर 83.44 रुपये प्रति डॉलर रह गया। इससे पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.38 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

## टीसीएस ने ब्राजील में खोला नया डिलीवरी सेंटर

मुंबई। आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्राजील में एक नया डिलीवरी केंद्र खोलने की घोषणा की। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह केंद्र ब्राजील के दक्षिणी प्रांत पराना के लोंड्रिना शहर में है।



इस नए केंद्र में पांच वर्षों में 1,600 से अधिक नए लोगों को रोजगार मिलेगा और इससे कंपनी की ब्राजील में उपस्थिति मजबूत होने के साथ साथ वहां की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा और क्षेत्र में टीसीएस की उपस्थिति को मजबूत करेगा।

# सेबी 15 मई को सात कंपनियों के संपत्ति की नीलामी करेगा

एजेंसी
नई दिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र किए गए पैसे की वसूली के लिए 15 मई को 30 संपत्तियों की नीलामी करेगा। ये नीलामी लगभग 25.64 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी।

सेबी जिन कंपनियों की संपत्ति का नीलाम करेगा, उसमें मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स और पुरुषोत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज सहित कुल सात कंपनियां शामिल हैं। सेबी ने जारी बयान में कहा कि यह 15 मई को 30 संपत्तियों के लिए नीलामी करेगा। बाजार नियामक ने एक नोटिस में कहा कि इसकी नीलामी 25.64 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। नियामक ने कहा कि नीलामी 15 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।




उल्लेखनीय है कि नीलामी में रखी जा रही 30 संपत्तियों में से नौ मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, छह विशाल समूह की कंपनियों, पांच एनवीडी सोलर के निदेशकों की, 4 सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और तीन संपत्तियां सुमंगल इंडस्ट्रीज से संबंधित है। इसके अलावा, दो संपत्तियां जीवन साथी ड्रीम प्रोजेक्ट्स और एक पुरुषोत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज से जुड़ी है।

# LIC ने हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 5फीसदी से अधिक बढ़ाई

एजेंसी
नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सोमवार को कहा कि एफएमसीजी प्रमुख हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) में उसकी हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से अधिक हो गई है। एलआईसी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि कॉर्पोरेशन ने हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 11,74,63,555 से बढ़ाकर 11,77,18,555 इक्विटी शेयर यानी कंपनी की चुकता पूंजी का 4.99 प्रतिशत से 5.01 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। . इसमें कहा गया है कि निगम ने सामान्य लेन-देन के दौरान खुले बाजार से अतिरिक्त शेयर खरीदे।

कंपनी में हिस्सेदारी 5 फीसदी तक पहुंच गई और शेयरों का अधिग्रहण 12 अप्रैल को 2,248.59 रुपये प्रति यूनिट की औसत लागत पर किया गया।




एचयूएल के शेयर 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,194.60 रुपये पर बंद हुए, जबकि देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी के शेयर बीएसई पर 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 961.15 रुपये पर बंद हुए।

# दुनिया के टॉप 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हुआ दिल्ली एयरपोर्ट

एजेंसी
नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली एयरपोर्ट 2023 के लिए दुनिया के सबसे 10 व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में शामिल हुआ है।

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की ओर से जारी सूची के मुताबिक राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दसवें पायदान पर है। सूची में अमेरिका का हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे ऊपर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इस सूची में लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट चौथे, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें, डेनवर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



आठवें और शिकागो का ओहारे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है।

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल के मुताबिक दुनिया में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में है। एसीआई ने कहा कि 2023 में पूरी दुनिया में 8.5 अरब (850 करोड़) यात्रियों ने हवाई यात्रा किया, जो कोरोना महामारी से पहले यात्रियों की संख्या का 93.8 फीसदी है जबकि वर्ष 2022 की तुलना में 27.2 फीसदी अधिक है। दसवें स्थान पर, दिल्ली हवाई अड्डा है जहां से 2023 में 7.22 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। 2022 में, हवाई अड्डा नौवें स्थान पर था।

उल्लेखनीय है कि एसीआई एयरपोर्ट प्राधिकरणों का संगठन है जिसका उद्देश्य हवाईअड्डा मानकों के लिए उद्योग प्रथाओं को एकजुट करना है। 1991 में स्थापित, इसका मुख्यालय (एसीआई वर्ल्ड) मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, कनाडा में स्थित है। इसके सदस्य लगभग 2000 हवाई अड्डों का संचालन करते है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लॉन्च किया एनर्जी मैनेजर एसी




एजेंसी
नई दिल्ली। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष 2024 में मात्र 100 दिनों में 10 लाख से अधिक एयरकंडीशनर बेचने का रिकॉर्ड बनाते हुये 80 प्रतिशत तक एनर्जी बचत करने वाले नये एसी लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी के प्रबंध निदेशक होंग जू जियोन ने कहा 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है। एलजी एयर कंडीशनरों की नई रेंज के साथ हम ग्राहकों को सबसे अधिक एनर्जी एफिशिएंट कूलिंग सॉल्यूशन प्रदान कर रहे हैं। इसी के साथ हम आगे भी विभिन्न कैटेगरी में प्रोडक्ट इनोवेशन को पेश करना जारी रखेंगे। हम ग्राहकों की लाइफस्टाइल को अच्छी तरह से समझते हैं, इसी के आधार पर हम आगे भी बेहतरीन इनोवेशन करना जारी रखेंगे और इसी के साथ बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करना जारी रखेंगे।

# देश के वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली घटकर 41.68 अरब डॉलर पर

एजेंसी
नई दिल्ली। देश के निर्यात में भू-राजनीतिक तनाव के कारण गिरावट आई है। मार्च, 2024 में वस्तुओं का निर्यात मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में वस्तुओं का निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान यह 3.11 फीसदी की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 फीसदी घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा है। इस तरह 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर रहा। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब



डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 फीसदी कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था। मंत्रालय के मुताबिक मार्च 2024 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) 70.21 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -3.01 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है। मार्च 2024 में कुल आयात 73.12 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो मार्च 2023 की तुलना में -6.11 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित कर रहा है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि देश का कुल व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 121.62 अरब डॉलर से 35.77 फीसदी सुधरकर वित्त वर्ष 2023-24 में 78.12 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने व्यापार आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के हालात पर मंत्रालय की नजर बनी हुई है, उन्होंने बताया कि उसके हिसाब से 'उचित कार्रवाई' की जाएगी।

# थोक महंगाई दर मार्च में मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर, फरवरी में थी 0.20 फीसदी

एजेंसी
नई दिल्ली। देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी। दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी।

मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59 फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही



है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है लेकिन खाद्य पदार्थों की महंगाई मार्च में 8.52 फीसदी रही, जो फरवरी में 8.66 फीसदी थी।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 की 9 करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में

एजेंसी
नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक छाई हुई है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ यूएसडी कॉइन मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रहा है। बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में 3 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 7 प्रतिशत से अधिक उछल गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 3.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66,163.78 डॉलर यानी 55.20 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी



तरह एथेरियम की कीमत भी आज 7.14 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,242.26 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 5.18 प्रतिशत, सोलाना 8.84 प्रतिशत, एक्सआरपी 6.14 प्रतिशत, टॉनकॉइन 11.82 प्रतिशत, डोजेकॉइन 7.43 प्रतिशत और कार्डानो 5.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 4.74 प्रतिशत की तेजी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.42 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 201.89 लाख करोड़ रुपये हो गया है ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़त होने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 11,626 करोड़ डॉलर यानी 9.70 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 34.03 प्रतिशत कम है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की स्थिति 0.77 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.85 प्रतिशत रह गई है।

# सर्राफा बाजार में मिला-जुला कारोबार, चेन्नई में सोना 74,700 के पार

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के कुछ सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में तेजी आई है, वहीं कुछ सर्राफा बाजारों में सोने में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार में मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में सोने की कीमत में कमजोरी आई है, वहीं चेन्नई में सोना महंगा होकर 74,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर चला गया है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 85,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# वैश्विक दबाव से फिसला घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में 1 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट

एजेंसी
नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल के कारण घरेलू शेयर बाजार भी आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ होने के बावजूद दिन के पहले सत्र के कारोबार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की। पहले सत्र के अंत में ही बिकवाल पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स 1.14 प्रतिशत और निफ्टी 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.54 प्रतिशत फिसल कर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये से की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 394.73 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन



399.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.94 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,049 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 917 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,984 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 148 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,255 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 381 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,874 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 6 शेयर हरे निशान में और 44 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

ईरान और इजरायल के बीच बने तनाव की वजह से बीएसई का सेंसेक्स आज 929.74 अंक टूट कर 73,315.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके सपोर्ट से दोपहर 11 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 600 अंक की रिकवरी करके 73,905.80 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार पर एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 845.12 अंक की कमजोरी के साथ 73,399.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 180.35 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 22,339.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। दिन के पहले सत्र के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक भी निचले स्तर से करीब 90 अंक की रिकवरी करने में सफल रहा। इसके बाद बाजार पूरी तरह से मंदड़ियों के कब्जे में आ गया, जिसकी वजह से इसमें लगातार गिरावट आती गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 259.85 अंक फिसल कर 22,259.55 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 246.90 अंक की कमजोरी के साथ 22,272.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी 5.33 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.35 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.27 प्रतिशत, नेस्ले 0.69 प्रतिशत और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। श्रीराम फाइनेंस 2.85 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.46 प्रतिशत, विप्रो 2.46 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.36 प्रतिशत और लार्सन एंड टुब्रो 2.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## इंडोनेशिया में मध्यम स्तर के भूकंप के झटके

एजेंसी
**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मंगलवार को मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार आज सुबह करीब 07.00 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी।

## चिली में डेंगू के 135 मामले दर्ज

एजेंसी
**सैंटियागो।** लैटिन अमेरिकी देश चिली में अब तक डेंगू के 135 मामले दर्ज किए गए और सभी पीड़ित दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी विज्ञान विभाग के प्रमुख क्रिश्चियन गार्सिया ने यह जानकारी दी।



गार्सिया ने बताया कि चिली में स्थानीय स्तर पर डेंगू संक्रमण का कोई मामला नहीं है तथा इससे पीड़ित सभी लोग दूसरे देशों की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिली में 2023 में 90 मामले दर्ज किए गए थे और इस साल अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 135 हो गया है। पिछले साल से सात क्षेत्रों में डेंगू के लिये स्वास्थ्य चेतावनी लागू है। स्वास्थ्य मंत्री जिमेना एगुइलेरा ने कहा कि डेंगू स्पर्शोन्मुख हो सकता है, लेकिन जिन लोगों में लक्षण होते हैं उन्हें सामान्य रूप से बुखार और सामान्य तकलीफें होती हैं तथा मांसपेशियों में काफी तीव्र दर्द होता है।

## जापान के कोशिमा में भूकंप के झटके

**टोक्यो।** जापान के कोशिमा में देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 22:38 बजे कोशिमा से 143 किलोमीटर दूर दक्षिण- पूर्व में महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 29.47 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 131.74 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 8.0 किमी की गहराई में रहा।

## तटीय इक्वाडोर में सशस्त्र हमले में तीन की मौत, दो घायल

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुयास के साम्बोरोंडोन में सशस्त्र हमले में दो पुलिस अधिकारियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अटॉर्नी जनरल के कार्यालय (एफजीई) ने यह जानकारी दी। एफजीई रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों को सैन पिए शहर के पास गोली मारी गई, जहां हथियार और गोला-बारूद सहित दो वाहन बरामद हुए। गौरतलब है कि अधिकारियों को अपराध से निपटने में मदद करने के लिए घोषित कर्फ्यू के साथ 90 दिनों की आपातकाल की स्थिति समाप्त होने के बाद से आपराधिक हिंसा फिर से बढ़ गई है।



गत 11 अप्रैल को दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल के फ्रिस्टो डेल कॉन्सुएलो में एक सशस्त्र हमले में एक कम उम्र के बच्चे सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई थी, जो देश में सबसे हिंसक हमलों में से एक था। उल्लेखनीय है कि गत साल अप्रैल को सरकार ने घोषणा की कि देश 'आंतरिक सशस्त्र संघर्ष' से जूझ रहा है और सेना को 'आतंकवादियों' के रूप में वर्गीकृत संगठित सशस्त्र समूहों के खिलाफ कार्रवाई में भाग लेने का आदेश दिया।

## वेस्ट बैंक में इज़रायल की गोलीबारी में दो फ़िलिस्तीनियों की हत्या

एजेंसी
**रामल्ला।** फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने चीन की को बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय



अब्दुलरहमान माहेर बानी फदेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशियों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर 'हमला' किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। इज़राइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गत साल अक्टूबर को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में इजरायलियों ने अब तक 468 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है, जबकि 4,800 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

# इजरायल गाजा में अस्थायी युद्धविराम समझौता चाहता है : हमास

एजेंसी
**गाजा।** हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य इज्जत अल-रिश्क ने कहा है कि इजरायल गाजा पट्टी में सैन्य अभियान फिर से शुरू करने से पहले अपने बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हमास के साथ युद्धविराम समझौते की मांग कर रहा है। अल-रिश्क ने अपने बयान में कहा कि इजरायल अपने कैदियों की रिहा करने के लिए एक अस्थायी समझौता चाहता है, ताकि उसके बाद युद्ध और विनाश फिर से शुरू किया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि इजरायल की ओर से अपने बंधकों को बलपूर्वक रिहा करने के प्रयास विफल हो गए हैं और प्रतिरोध के साथ वास्तविक समझौते का कोई विकल्प नहीं है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गोलीबारी की स्थायी समाप्ति ही सुरक्षा की एकमात्र गारंटी है। उन्होंने इजरायल से फिलिस्तीनी लोगों का और रक्तपात तथा नरसंहार को रोकने का आह्वान किया और कहा कि हमास इजरायली सेना की पूर्ण वापसी तथा विस्थापित लोगों की उनके घरों में स्वतंत्र रूप से वापसी के लिए





प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि कतर, मिस्र, अमेरिका के साथ, कैदियों की अदला-बदली और गाजा में युद्धविराम हासिल करने के लिए हमास और इजरायल के बीच एक समझौते में मध्यस्थता कर रहे हैं। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी लगभग 134 इज़रायली बंधक हैं, जबकि हमास ने घोषणा की है कि उनमें से 70 इजरायली हवाई हमलों में मारे गए हैं। इज़रायली मानवाधिकार समूह हैमोकेड के अनुसार सात अक्टूबर, 2023 को गाजा में संघर्ष की शुरुआत के बाद से 9,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को इज़रायली जेलों में बंद कर दिया गया था, जिनमें से कुछ की मौत हो गई थी।

# बेनजीर भुट्टो की बेटी ने पाकिस्तान असेंबली के सदस्य के रूप में शपथ ली

एजेंसी
**इस्लामाबाद।** डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आसिफा भुट्टो-जरदारी ने विपक्ष के व्यवधान के बीच सोमवार को नेशनल असेंबली (एमएनए) के सदस्य के रूप में शपथ ली।राजनीति में पदार्पण करने वाली अभिनेत्री को 29 मार्च को अपने पिता के उत्तराधिकारी के रूप में एनए-207 शहीद बेनजीराबाद (पूर्व में नवाबशाह) से एमएनए के रूप में निर्विरोध चुना गया था।यह सीट उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद खाली हुई थी।आसिफा अपने भाई और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के साथ अपनी नई जिम्मेदारियां संभालने के लिए दिन में संसद पहुंचीं। पीटीआई से जुड़े एमएनए की नारेबाजी के बीच एनए स्पीकर अयाज सादिक ने उन्हें शपथ दिलाई, जिसके कारण हंगामे के विरोध में ट्रेजरी सांसदों ने वॉकआउट कर दिया।पीटीआई का विरोध इस आरोप को लेकर था कि एनए 207 के लिए उसके उम्मीदवार गुलाम मुस्तफा रिंद को सक्रांद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पार्टी ने कहा था कि रिंद उसका प्रतिनिधि था जिसे आसिफा के खिलाफ उपचुनाव में



लड़ना था.पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने नेशनल असेंबली के सदस्य के रूप में शपथ लेने पर आसिफा भुट्टो जरदारी को बधाई देते हुए एक्स पर अपने आधिकारिक अकाउंट से तस्वीरें साझा कीं।आसिफ अली जरदारी ने एक्स पर कहा, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी इस्लामाबाद में नेशनल असेंबली के सदस्य के रूप में शपथ लेने पर असिफा भुट्टो जरदारी को बधाई दे रहे हैं। इसके अलावा नेशनल असेंबली ने संसदीय सत्र में शपथ लेते समय आसिफा भुट्टो-जरदारी के एक्स के दृश्य भी साझा किए।पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने एक्स को बताया, असीफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली के नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ली। स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने शपथ दिलाई। इस बीच, पीपीपी ने इस अवसर को ऐतिहासिक क्षण करार दिया।आसिफा की बहन, बख्तावर भुट्टो-जरदारी ने अपनी बहन के स्वर्गारोहण का जश्न मनाते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारे परिवार के लिए एक अवास्तविक और गौरवपूर्ण क्षण था। पीपीपी के केंद्रीय सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने भी आसिफा के शपथ ग्रहण को पाकिस्तान के संसदीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

## एन दारफुर में सूडानी सेना, अर्धसैनिक बलों के बीच झड़प में कम से कम 6 की मौत

एजेंसी
**खार्तूम।** सूडानी डॉक्टर्स यूनियन ने कहा कि उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच झड़प में कम से कम छह नागरिक मारे गए और 61 अन्य घायल हो गए। गैर-सरकारी संघ ने एक बयान में कहा कि उपकरण और रक्त दाताओं की कमी के बावजूद घायल अभी भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। सशस्त्र बलों ने उत्तरी दारफुर राज्य में टकराव पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 15 अप्रैल, 2023 को संघर्ष शुरू होने के बाद से 14,790 मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि सूडान के अंदर और बाहर विस्थापित लोगों की संख्या 8.2 मिलियन तक पहुंच गई है, रविवार को मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की एक रिपोर्ट से पता चला है।

## एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी मामले में जाफर सादिक, अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

एजेंसी
**वाशिंगटन।** मादक पदार्थों की तस्करी मामले में जाफर सादिक, अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 2,000 करोड़ रुपये के अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी रैकेट के सिलसिले में निष्कासित डीएमके नेता जाफर सादिक और चार अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। संघीय मादक द्रव्य रोधी एजेंसी ने पिछले सप्ताह यहां एक नामित अदालत के समक्ष नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोजन शिकायत दर्ज की। सूत्रों ने कहा कि सादिक, जिसका पूरा नाम जाफर सादिक अब्दुल रहमान है, और उसके चार कथित सहयोगियों को एनसीबी की चार्जशीट में आरोपी के रूप में नामित किया गया है। 36 वर्षीय तमिल फिल्म निर्माता को पिछले महीने एनसीबी ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी तब हुई जब एजेंसी ने फरवरी में तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जो सभी तमिलनाडु के रहने वाले थे, और दिल्ली के बसई दारापुर इलाके में सादिक की कंपनी एवेंटा



के एक गोदाम पर छापेमारी के दौरान 50 किलोग्राम नशीले पदार्थ बनाने वाला रासायनिक स्यूडोएफेड्रिन जब्त किया। एनसीबी ने दावा किया था कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों और सादिक ने उन्हें सूचित किया कि पिछले तीन वर्षों में उनके द्वारा कुल 45 स्यूडोएफेड्रिन की खेप भेजी गई थी, जिसमें लगभग 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक थी।

# तंजानिया में बारिश और बाढ़ ने बरपाया कहर, 58 की मौत, लाखों लोग प्रभावित

एजेंसी
**काहिरा।** तंजानिया में बाढ़ के कारण पिछले दो सप्ताह में कम से कम 58 लोगों की मौत हो गयी. इस पूर्वी अफ्रीकी देश में जबरदस्त बारिश जारी है. सरकार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तटीय इलाकों में बारिश ने सबसे अधिक कहर ढाया है और करीब 1,26,831 लोग प्रभावित हुए हैं. सरकारी प्रवक्ता मोभारे मतिन्यी ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए रविवार को भोजन समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया.

उन्होंने बताया कि तंजानिया की योजना भविष्य में बाढ़ से बचने के लिये 14 बांध बनाने की है. पूर्वी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में लोगों को भारी बारिश और बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. केन्या में बाढ़ के कारण अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर को भी गहरा नुकसान हुआ है.



**बाढ़ से बुरा हाल**
पूर्वी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में लोगों को भारी बारिश का सामना करना पड़ रहा है. इसकी वजह से बाढ़ जमकर तबाही मचा रही है. बताया जा रहा है कि केन्या में बाढ़ की वजह से अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है.

**मौसम विभाग ने दी चेतावनी**
मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अल नीनो के कारण इस साल बारिश बढ़ गई है. साथ ही प्राकृतिक रूप से होने वाला अल नीनो, जो 2023 के मध्य में उभरा था. आमतौर पर उसके बाद एक साल के लिए वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है.भारी बारिश होने की संभावना

**भारी बारिश की संभावना**
बताया जा रहा है कि इससे दुनिया के कुछ हिस्सों में सूखा और अन्य में भारी बारिश होने की संभावना है. वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के वैज्ञानिकों ने कहा है कि अक्टूबर और दिसंबर के बीच पूर्वी अफ्रीका में बारिश अब तक दर्ज की गई सबसे तेज बारिश में से एक थी. साथ ही उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन ने भी इस घटना में योगदान दिया, जिससे भारी वर्षा दो गुना अधिक तेज हो गई.

# सिडनी मॉल हमलावर का सामना करने वाले व्यक्ति को ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता की पेशकश की गई

एजेंसी
**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री ने एक दौरे पर आए फ्रांसीसी व्यक्ति को सुझाव दिया, जिसने केवल बोलार्ड का उपयोग करके चाकू से हमला करने वाले सिडनी मॉल के हमलावर का वीरतापूर्वक बचाव किया था, उसे नागरिकता की पेशकश की जा सकती है।डेमियन गुएरेट को 'बोलार्ड मैन' और हमले का 'हीरो' करार दिया गया है, जिसमें छह लोग मारे गए और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने मंगलवार को गुएरेट की प्रशंसा की, एस्केलेटर पर जोएल कॉची का सामना करने और 40 वर्षीय हमलावर को अधिक पीड़ितों तक पहुंचने से रोकने में उनकी 'असाधारण बहादुरी' के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।अल्बानीज़ ने कहा,



'मैं डेमियन गुएरेट से यह कहता हूं जो उनके वीज़ा आवेदनों पर काम कर रहे हैं, कि आपका यहां स्वागत है, जब तक आप चाहें तब तक रहने के लिए आपका स्वागत है।' यह वह व्यक्ति है जिसका ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बनने पर हम स्वागत करेंगे, हालांकि यह निश्चित रूप से फ्रांस के लिए क्षति होगी। हम उनकी असाधारण बहादुरी के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं।' यह उस समय मानवता की प्रकृति के बारे में बहुत कुछ कहता है जब हम कठिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, कि कोई व्यक्ति जो इस देश का नागरिक नहीं है, उन एस्केलेटर के शीर्ष पर बहादुरी से खड़ा हुआ और इस अपराधी को दूसरी मंजिल पर जाने और संभावित रूप से हमला करने से रोका नागरिकों पर और नरसंहार होगा,' अल्बानीज़ ने कहा।शहर के पूर्वी उपनगरों में एक व्यस्त शॉपिंग मॉल में शनिवार को हुए हमले से आस्ट्रेलियाई लोग सदमे में हैं।इस हिंसा के दौरान पांच महिलाएं और एक पाकिस्तानी सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जिसके लिए आतंकवाद को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या काउची, जिसका मानसिक बीमारी का इतिहास था, ने विशेष रूप से महिलाओं को निशाना बनाया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई और अल्बानीज़ ने हमले के दौरान एक-दूसरे की सहायता करने वाले अजनबियों और पुलिसकर्मी एमी स्कॉट की बहादुरी से कुछ सहायता ली, जिन्होंने अकेले काम करते हुए कॉची को ढूंढ लिया और उसे गोली मार दी। अल्बानीज़ ने कहा, -मुझे लगता है कि शनिवार को हमने कुछ बेहतरीन मानवीय चरित्र देखे और साथ ही ऐसी विनाशकारी त्रासदी भी देखी।'

# ईरान हमले को लेकर बेंजामिन नेतन्याहू दबाव में, सहयोगियों ने सावधानी बरतने का आग्रह किया

एजेंसी
**यरूशलम।** ईरान के अभूतपूर्व हमले के बाद सभी की निगाहें इजराइल पर टिकी हैं, लेकिन इसके युद्ध मंत्रिमंडल ने आगे के रास्ते के लिए कोई प्राथमिकता का संकेत नहीं दिया है, जबकि हमले को विफल करने में मदद करने वाले सहयोगियों ने सावधानी बरतने का आह्वान किया है।प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जो सामान्य से कम मुखर हैं, ने अभी तक इजरायली धरती पर पहले प्रत्यक्ष ईरानी हमले की प्रतिक्रिया के लिए किसी भी आकार, रूप या समय को परिभाषित नहीं किया है।यह 1 अप्रैल को दमिश्क में इस्लामिक गणराज्य के वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में शनिवार को ईरान से लॉन्च किए गए 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों के रूप में आया था, जिसका श्रेय मुख्य रूप से इजराइल को दिया गया था।

एक तरफ सहयोगियों द्वारा सावधानी बरतने का आग्रह करने और दूसरी तरफ घरेलू स्तर पर कुछ राजनेताओं द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया का आह्वान करने का सामना करते हुए, नेतन्याहू ने अपने युद्ध मंत्रिमंडल से दो बार मुलाकात की है, और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को फोन किया है।लेकिन उन्होंने रविवार के बाद से इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं की है, जब उन्होंने एक्स पर एक छोटी पोस्ट में इजरायली रक्षा की प्रशंसा की थी।इजरायली सेना प्रमुख हर्जी हलेवी ने सोमवार को सैनिकों से कहा कि ईरान के हमले का -जवाब दिया जाएगा-, लेकिन उन्होंने समय या प्रकार निर्दिष्ट नहीं किया। तेल अवीव विश्वविद्यालय में ईरान के शोधकर्ता रज़ ज़िम्ट ने एएफपी को बताया, इजरायली सरकार पर प्रतिक्रिया देने के लिए पिछले 48 घंटों में बहुत दबाव रहा है क्योंकि यह एक बहुत ही अभूतपूर्व हमला था।उन्होंने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि इजरायली सरकार किसी तत्काल प्रतिक्रिया से बच सकती है, भले ही वह पूर्ण पैमाने पर टकराव में शामिल नहीं होना चाहती हो।-ज़िम्ट ने कहा कि वह ईरान में इसराइल की जिम्मेदारी लिए बिना कुछ गुप्त गतिविधि देखना पसंद करेंगे।राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने ईरानी प्रक्षेपणों की रात कड़ी प्रतिक्रिया की आवश्यकता व्यक्त की।धुर दक्षिणपंथी मंत्री ने एक्स पर कहा, अब तक प्रभावशाली बचाव - अब एक जोरदार हमला होना चाहिए।

**- हड़बड़ी की आवश्यकता नहीं -**

इसके विपरीत, पूर्व प्रधान मंत्री एहुद बराक ने उस व्यवहार की निंदा की और -उन लोगों की निंदा की जो पूरे मध्य पूर्व में आग लगाना चाहते हैं-।नेसेट सदस्य गिदोन सार जैसे अन्य लोगों ने धैर्य रखने की अपील की।सार ने एक्स पर कहा, -इजरायल को अपनी प्रतिक्रिया में जल्दबाजी करने और अपने लिए निर्धारित प्राथमिकताओं को बाधित करने की जरूरत नहीं है। अब, ध्यान गाजा में जीत पर लौटने की जरूरत है- हमास को उखाड़ फेंकना और बंधकों को मुक्त कराना।

इज़राइल, जिसे गाजा में युद्ध के कारण अलग-थलग पड़ने का डर था, ने ईरान के हमले को रोकने में जॉर्डन जैसे क्षेत्रीय अभिनेताओं के समर्थन के साथ, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस के साथ अपने सहयोग की प्रशंसा की और प्रचार किया।

उनके समर्थन के बिना, इसकी हवाई रक्षा प्रणाली जिसमें आयरन डोम भी शामिल है, संभवतः ईरानी प्रक्षेपणों से अभिभूत हो गई होती।

लेकिन पश्चिमी सरकारों ने, विशेष रूप से जिन्होंने इज़राइल की रक्षा में उसका समर्थन किया, उन्होंने तनाव बढ़ने के खिलाफ चेतावनी दी है। एक अमेरिकी अधिकारी ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन इजरायल के किसी भी संभावित जवाबी हमले में 'भाग नहीं लेगा'।

ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी प्रतिशोध के प्रति आगाह किया।

यहां तक कि ईरान ने भी कहा कि वह इस मामले को 'निष्कर्ष' मानता है जब तक कि इज़राइल 'एक और गलती' नहीं करता, उस स्थिति में ईरान की प्रतिक्रिया 'काफी अधिक गंभीर होगी।

**'गुप्त' प्रतिक्रिया -**

इजरायली विदेश मंत्रालय के पूर्व विश्लेषक कालेव बेन-डोर ने संक्षेप में कहा, इस रक्षा गठबंधन को बनाए रखना उपयोगी होगा... यह लगभग अभूतपूर्व है, इसलिए यह पीछे हटने के पक्ष में होगा। उसी समय, मध्य पूर्व में, किसी पर 300 से अधिक मिसाइलों और ड्रोनों द्वारा हमला नहीं किया जा सकता है और कुछ भी नहीं किया जा सकता है,' बेन-डोर, जो अब विशेष समीक्षा फैथॉम के उप प्रधान संपादक हैं, ने कहा। 'मुझे लगता है कि अगले... दो सप्ताह या उसके आसपास कुछ नहीं होगा। लेकिन मुझे लगता है कि इज़राइल, किसी न किसी स्तर पर, अपनी पसंद के समय और स्थान पर, सार्वजनिक तरीके की तुलना में संभवतः गुप्त तरीके से जवाबी हमला करेगा। उसने कहा। फ्रेंच इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस (आईएफआरआई) के विश्लेषक जीन-लुप समन कहते हैं, गठबंधन की मदद से इज़राइल की युद्धाभ्यास की गुंजाइश सीमित हो जाती है, क्योंकि यह एक तरह से अमेरिका का ऋणी है।उन्होंने एएफपी को बताया, 'मुझे जो असंभव लगता है वह ईरानियों पर सीधी प्रतिक्रिया है, यह ऐसा निर्णय नहीं है जो नेतन्याहू बिडेन प्रशासन से परामर्श के बिना ले सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'इज़रायली प्रणालियों को बड़े पैमाने पर अमेरिकियों द्वारा वित्त पोषित किया जाता है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे इसको खिलवाड़ करेंगे और कृतघ्न होंगे।' गठबंधन में भाग लेने वाले एक देश के राजनयिक ने एएफपी को बताया कि वे संतुष्ट हैं कि सप्ताहांत के दौरान हॉक्स लाइन प्रबल नहीं हुई।

## यूएई क्राउन प्रिंस ने सरकारी कर्मचारियों को दूर से काम करने का निर्देश दिया

एजेंसी
**अजमान।** अजमान के क्राउन प्रिंस और कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष शेख अम्मार बिन हुमैद अल नुआइमी ने निर्देश दिया है कि मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण अजमान सरकार के कर्मचारियों के लिए एक दूरस्थ कार्य दिवस होगा। इस निर्णय में अजमान अमीरात के सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी शामिल हैं, सिवाय उन नौकरियों के जिनमें संबंधित सरकारी विभाग में सक्षम प्राधिकारी



द्वारा निर्धारित कार्यस्थल पर उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

# ईरान हमला,सुनक ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया

एजेंसी
